लोक/राज्य सभा के पटल पर रखे जाने के लिए
To be laid on the table of Lok/Rajya Sabha
अधिप्रमाणित/AUTHENTICATED

दिनांक
Date

अर्जुन राम मेघवाल
Arjun Ram Meghwal
राज्य मंत्री/MOS
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
Ministry of Heavy Industries of Public Enterprises

वर्ष 2019-20 के लिए ब्रेथवेट, बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (बीबीजे) की वार्षिक रिपोर्ट पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394(1)(ख) के तहत माननीय भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री द्वारा दिया जाने वाला वक्तव्य

******

सरकार ने वर्ष 2019-20 के लिए ब्रेथवेट, बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (बीबीजे) की वार्षिक रिपोर्ट और लेखाओं की समीक्षा कर ली है तथा प्रबंधन के उत्तरों के साथ-साथ सीएजी के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट/टिप्पणियों की भी समीक्षा की है और रिपोर्ट तथा प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत उत्तरों से सहमत है। इसलिए कोई समीक्षा नहीं रखी जा रही है।

******

34वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष

34TH ANNUAL REPORT

YEAR ENDED 31ST MARCH 2020

2020

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

THE BRAITHWAITE BURN AND JESSOP CONSTRUCTION COMPANY LIMITED

(A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)

कर्नाटक में गडाग होटगी परियोजना के लिए स्टील ब्रिज का निर्माण कार्य

Construction work of steel bridge for Gadag Hotgi Project at Karnataka

हिन्दी गृह पत्रिका : "**बीबीजे दर्पण**" प्रथम पुरस्कार से सम्मानित।

अ. एवं प्र.नि., बीबीजे पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल से **राजभाषा शील्ड** प्राप्त करते हुए परिलक्षित हैं ।

Hindi House magazine : "BBJ Darpan" conferred with First prize.

CMD, BBJ receiving the **Rajbhasha Shield** from Hon'ble Governor, West Bengal

विषय सूची

01 निदेशक मंडल

02 शेयरधारकों को सूचना

06 अध्यक्ष का संदेश

07 निदेशकों का प्रतिवेदन

37 स्वतन्त्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

50 नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

51 तुलन पत्र

53 लाभ एवं हानि का विवरण

54 नकद प्रवाह का विवरण

56 इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

57 कंपनी सूचना, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ एवं वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

वित्तीय वर्ष 2019-20
के लिए बीबीजे में निदेशकों की सूची

नाम	अवधि
श्री सुंदर बनर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	(पूर्ण वर्ष)
श्री अर्नब चटर्जी निदेशक (तकनीकी)	(24 अप्रैल, 2019 से)
श्री आर. के. मित्रा * निदेशक (वित्त)	(पूर्ण वर्ष)
श्री एस. के. सिंह सरकारी निदेशक	(पूर्ण वर्ष)
श्रीमती बेला बनर्जी स्वतंत्र निदेशक	(2 जून, 2019 तक)
श्री तापस कुमार चटर्जी स्वतंत्र निदेशक	(2 जून, 2019 तक)

[* श्री रितेन्द्र कुमार मित्रा 30.6.2020 को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद निदेशक (वित्त) नहीं रहें और श्री मुकेश कुमार 01.07.2020 को निदेशक (वित्त) के रूप में जुड़ गये]

लेखा परीक्षक	:	एआरएसके एण्ड एसोसियेट्स सनदी लेखाकार
सॉलिसिटर	:	फॉक्स एण्ड मण्डल, कोलकाता सैण्डर्सन्स एण्ड मोरगन्स, कोलकाता
बैंकर्स	:	भारतीय स्टेट बैंक केनरा बैंक एचडीएफसी बैंक एक्सिस बैंक येस बैंक
पंजीकृत कार्यालय	:	27, आर. एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001

शेयरधारकों के प्रति सूचना

34वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जा रही है कि दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के शेयरधारकों की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक कंपनी की पंजीकृत कार्यालय, 27, आर.एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700 001, पश्चिम बंगाल में शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020 को दोपहर 12:00 बजे निम्नलिखित कार्यों के संपादन के लिए होगी –

साधारण काम-काज :

1 कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों जिसमें 31 मार्च, 2020 को स्थित तुलन-पत्र, लाभ और हानि लेखा का विवरण, न कद प्रवाह एवं इक्विटी में परिवर्तन के साथ 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु इसके अंश के तौर पर टिप्पणियॉ आदि सहित वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक तैयार की गयी निदेशक मंडल के प्रतिवेदन, स्वतंत्र लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन तथा उस पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों को ग्रहण करना, उस पर विचार करना और उसे पारित करना।

2 वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए लाभांश की घोषणा करना।

3 वित्तीय वर्ष 2020-2021 के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किये जाने वाले स्वतंत्र लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल को अधिकृत करना।

4 सरकारी आदेश से निदेशकों की नियुक्ति को नोट करना।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

पंजीकृत कार्यालय :
27, आर.एन. मुखर्जी रोड,
कोलकाता-700001
दिनांक : 25 सितम्बर, 2020

(नवीन कुमार मिश्रा)
कंपनी सचिव

प्रतिलिपि : सभी निदेशकों एवं सांविधिक लेखा परीक्षकों को

द्रष्टव्य :

1. बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के हकदार सदस्य को, अपने बदले में बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्रतिपुरूष नियुक्त करने का अधिकार है और उक्त प्रतिपुरूष को कंपनी का सदस्य रहना आवश्यक नहीं है।

2. कोविद-19 महामारी के प्रकोप जारी रहने के मद्देनजर, कारपोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') के परिपत्र, दिनांक 04 मई, 2020 के साथ पठित 8 अपैल, 2020 और 13 अप्रैल, 2020 के पत्रिपत्रों, जो इकट्ठे 'एमसीए परिपत्रों' के तौर पर संदर्भित है, के जरिए 2020 कैलेण्डर वर्ष के दौरान किसी आम स्थान पर सदस्यों की शारीरिक उपस्थिति के बैगर वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ('ओएवीएम') सुविधाओं के जरिए वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम ') आयोजित करने की अनुमति दी है। इसके अलावा, लो.उ.वि. ने का.ज्ञा. फाइल सं. 3(2)/2016-एमजीएमटी, दिनांक 24 अप्रैल, 2020 द्वारा स्पष्ट किया है कि एमसीए द्वारा कोविद -19 शुरू होने से उत्पन्न होने वाली स्थिति के बारे में यथा अधिसूचित दी गई छूट के.लो.उद्यमों के मामले में भी लागू होगी। कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के प्रावधानों, ऊपर संदर्भित एमसीए के परिपत्रों एवं लो.उ.वि. के का.ज्ञा. के अनुपालन में कंपनी की वार्षिक सामान्य बैठक वीसी / ओएवीए के माध्यम से संचालित की जा रही है।

3. 34वीं ई-वा.सा. बैठक के लिए स्थान कंपनी की पंजीकृत कार्यालय, 27, आर. एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता -700001 होगी।

4. क्षेत्राधिकार कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी), कोलकाता के पास निहित शक्ति के संदर्भ में 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन करने की नियत तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 96(1) के अनुसार सामान्य विस्तार मंजूर किया गया है। इस प्रकार, अब 30.09.2020 के बाद, क्षेत्राधिकार कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) के पास एजीएम आयोजित करने के लिए विस्तार का आवेदन करने की आवश्यक्ता के बगैर ही वार्षिक सामान्य बैठक 3 महीने के भीतर आयोजित किया जा सकता है।

प्रतिपुरूष प्रपत्र

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105(6) और कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 19(3) के अनुसरण में]

सीआईएन : **यू70100डब्ल्यूबी 198जीओआई041286**
कंपनी का नाम : **दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : **27, आर. एन. मुखर्जी रोड,मोदी बिल्डिंग, कोलकाता, पं.बं. 700001, भारत**

सदस्य (यों) के नाम :
पंजीकृत पता :

ईमेल आईडी :
फोलियो नं. / ग्राहक आईडी :
डीपी आईडी : लागू नहीं

मैं / हम उपर्युक्त नाम की कंपनी में .....शेयर के धारक होने के नाते कंपनी के सदस्य के रूप में एतद्द्वारा निम्नलिखित को मेरे / हमारे तथा मेरी / हमारी ओर से शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020 को 12.00 बजे, कंपनी की पंजीकृत कार्यालय, कोलकाता में आयोजित कंपनी के सदस्यों की 34 वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेने और मतदान करने (मतदान में) के लिए प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त करता/ते हूं / हैं।

1. नाम : पता : ईमेल आईडी :
   हस्ताक्षर : , या उसके चूकने पर

2. नाम : पता : ईमेल आईडी :
   हस्ताक्षर : , या उसके चूकने पर

3. नाम : पता : ईमेल आईडी :
   हस्ताक्षर : , या उसके चूकने पर

और इस तरह के संकल्पों के संबंध में इसके किसी भी स्थगन निम्न रूप में दिए गए हैं :

संकल्प संख्या

1 .....
2 .....
3 .....
4 .....

राजस्व स्टाम्प चिपकाएं

..... 2020 के .....वें दिन हस्ताक्षरित

हस्ताक्षर : ..... (शेयरधारक के हस्ताक्षर)

द्रष्टव्य : इस प्रॉक्सी फार्म के प्रभावी होने के लिए इसे विधिवत रूप से पूरा भर कर एवं बैठक के प्रारंभ होने के पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

25 सितंबर, 2020 को शेयरधारकों के प्रति सूचना में परिशिष्ट

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के शेयरधारकों की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक कंपनी की पंजीकृत कार्यालय, 27, आर. एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700 001, पश्चिम बंगाल में शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020 को 12:00 बजे, साधारण काम-काज के लिए बैठक बुलाने के लिए दिनांक 25 सितम्बर, 2020 को जारी की गई हमारे सूचना से आगे भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएण्डएजी) की टिप्पणियों को इसके साथ प्रस्तुत किया जाता है। सीएण्डएजी के निदेशानुसार स्वतंत्र निदेशकों ने सीएण्डएजी द्वारा अनुपूरक लेखा परीक्षा के दौरान उठाये गये लेखा परीक्षा अवलोकनों को शामिल करके **संशोधित स्वतंत्र लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन**, 13 अक्टूबर, 2020 प्रस्तुत किया है। यह संशोधित स्वतंत्र लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन, 13 अक्टूबर, 2020 उनके पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक प्रतिवेदन, 09 सितम्बर, 2020 का स्थान लेती है।

उपरोक्त के मद्देनजर, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट के अंश के रूप में निम्नलिखित प्रस्तुत किए जा रहें हैं :

1 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक के लिए सदस्यों के प्रति अध्यक्ष का संदेश,

2 निदेशकों का प्रतिवेदन अनुलग्नकों के साथ तथा बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक तैयार की गयी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियॉं,

3 **संशोधित स्वतंत्र लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन**, दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 उनके पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन, दिनांक 09 सितम्बर, 2020 के स्थान पर ।

यह अनुरोध किया जाता है कि यहॉं संलग्न वित्तीय वर्ष 2019-20 के वार्षिक प्रतिवेदन के नए सेट के साथ वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए पहले से ही परिचालित वार्षिक प्रतिवेदन के सेट को प्रतिस्थापित किया जाए।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

(नवीन कुमार मिश्रा)
कंपनी सचिव

पंजीकृत कार्यालय :
27, आर एन मुखर्जी रोड,
कोलकाता-700001
दिनांक : 17 अक्टूबर, 2020

प्रतिलिपि : <u>सभी निदेशकों एवं सांविधिक लेखा परीक्षकों को</u>

अध्यक्ष का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

निदेशक मंडल की ओर से, मुझे कंपनी की 34 वीं वार्षिक आम बैठक में आप सब का स्वागत करते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है। सीएंडएजी के मंतव्य और लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट समेत 31 मार्च,2020 को समाप्त वर्ष हेतु और लेखा-परीक्षित लेखे और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति पहले ही परिचालित की जा चुकी है।

इससे पहले कि मैं आज की बैठक के औपचारिक कार्यवृत्त पर शुरुआत करूँ, मैं आपसे वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी के कार्य प्रदर्शन की संक्षेप में चर्चा करना चाहूंगा। चुनौतियों के बावजूद, कंपनी विगत वित्तीय वर्ष में 11,965.55 लाख रु. के प्रति 11,361.84 लाख रु. की प्रचालन आय प्रतिवेदित करने में सफल हुआ था जबकि समीक्षाधीन अवधि हेतु निवल लाभ पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 36.13 लाख रु. के निवल लाभ के प्रति 195.92 लाख रु. था।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टरों ने 1000 प्रत्येक के अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर लगभग 8.54% की दर से लाभांश की अनुशंसा की है जो कुल 1032.00 लाख बनते हैं तथा इसके अनुमोदन के लिए इसे शेयरधारकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। लाभांश पे-आउट, निवेश और जन परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग(डीआईपीएएम) द्वारा जारी, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की पूंजीगत पुनर्संरचना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं।

कोविद -19 के कारण प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद, बुनियादी ढांचा क्षेत्र भारत सरकार की प्रमुख नीतिगत पहलों के कारण मध्यम से दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में वृद्धि के लिए व्यापक शीर्षकक्ष की पेशकश करना जारी रखेगा। निरंतर विकास और भविष्य के विकास के लिए, कंपनी प्रचालन (पीएमसी) के मौजूदा क्षेत्रों में अपने व्यवसाय को विकसित करने के साथ-साथ नए व्यवसाय वर्टिकल (ईपीसी) के तहत बड़े पैमाने पर व्यापार के अवसरों को कब्जा करने के लिए सर्वोत्तम स्तरीय प्रयास कर रही है। आरवीएनएल का आईटीडी सीमेंटेशन लिमिटेड के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम के जरिए नये आदेश वित्तीय वर्ष 2020-21 से आगे परियोजना के शुरू होने के बाद से निचली पंक्ति में सुधार होगा।

कंपनी में औद्योगिक संबंध वर्षभर सौहार्दपूर्ण रहे।

कंपनी डीपीई,भारत सरकार द्वारा जारी निगम प्रशासन दिशानिर्देश के अनुपालन के लिए वचनबद्ध है। नैगम प्रशासन दिशा-निर्देशों के तहत तिमाही व वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट बिना विलंब के, निर्धारित समय के भीतर डीपीई के साथ प्रस्तुत की जाती है। डीपीई द्वारा जारी सीपीएसई की ग्रेडिंग रिपोर्ट के अनुसार, बीबीजे ने निगम प्रशासन अनुपालन हेतु लगातार "उत्कृष्ट " ग्रेड प्राप्त किया है। नैगम प्रशासन पर विस्तृत रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कंपनी की निदेशक रिपोर्ट के अनुबंध में अलग से प्रकाशित किया गया है।

मैं, बोर्ड सदस्यों की ओर से, कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों के रूप में दोनों श्रीमती बेला बनर्जी और श्री तापस कुमार चटर्जी के 02.06.2019 तक पद पर बने रहने तथा श्री रितेन्द्र कुमार मित्रा, निदेशक (वित्त) के 30.06.2020 तक पद पर रहने तक कंपनी को उनके द्वारा दिए गए मूल्यवान दिशा निर्देशों और महत्वपूर्ण अवदान बाबत हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

मैं इस अवसर पर निदेशक मण्डल में मेरे सहकर्मियों का कंपनी प्रबंधन में उनके मूल्यवान समर्थन और सहयोग प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

मैं भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग व लोक उद्यम मंत्रालय, रेल मंत्रालय तथा भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों / विभागों, राज्य सरकारों, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, आरवीएनएल, इरकॉन, वित्तीय संस्थानों, बैंकों, विनियामक तथा सांविधिक प्राधिकरण, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, लेखा परीक्षकों, कानूनी सलाहकारों एवं परामर्शदाताओं, संयुक्त उद्यम भागीदारों और सभी पणधारकों से प्राप्त हार्दिक समर्थन हेतु आभार प्रकट करता हूं। हम कंपनी के भविष्य के प्रयासों में उनके निरंतर समर्थन की आशा करता हूं।

मैं, पूरे बोर्ड मंडल की तरफ से, सभी स्तर के बीबीजे कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण हेतु आभार प्रकट करना चाहता हूं।

आप सभी को धन्यवाद

दिनांक : 17 अक्टूबर, 2020
स्थान : कोलकाता

सुंदर बनर्जी
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक

निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में,

शेयरधारकगण,

ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु लेखा परीक्षित खातों के साथ कंपनी के प्रचालन और कार्य प्रदर्शन पर 34 वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए खुशी ही रही है।

1 वित्तीय विशिष्टताएँ

1.1.1 कंपनी के वित्तीय विवरण लेखा के प्रोदभवन आधार पर तैयार किया जाता है और कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) के नियम 2015 के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखा मानक (भारतीय लेखा मानक) एवं कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन लागू प्रावधानों तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन लागू प्रावधानों एवं उसके विस्तार तक तदुपरांत संशोधनों का अनुपालन किया जाता है। प्रथम इंडि एएस वित्तीय विवरण एवं इंडि एएस 101 पहली बार "भारतीय लेखा मानकों को अपनाना' का अनुपालन वित्तीय वर्ष 2017-18 में लागू किए गए थे, इंडि एएस के तहत प्रतिवेदन का यह दूसरा वित्तीय वर्ष है।

1.1.2 2018-19 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:-

(₹ लाख में)

ब्यौरा	2019-2020	2018-2019
प्रचालन से राजस्व	10640.23	10500.77
अन्य आय	721.61	1464.77
मूल्य ह्रास के पूर्व लाभ/हानि वित्तीय लागत, असाधारण मद व कर व्यय	411.68	361.29
घटाएँ : मूल्य ह्रास/परिशोधन /हानि	122.88	135.93
वित्तीय लागत, असाधारण मदों तथा कर व्यय से पहले लाभ / हानि	288.80	225.36
घटाएँ : वित्तीय लागत	60.91	65.47
कर व्यय से पूर्व लाभ / हानि	227.89	159.89
घटाए: कर व्यय (वर्तमान और स्थगित)	31.96	123.75
वर्ष हेतु लाभ /हानि	195.92	36.13

1.2 बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद, आपकी कंपनी ने विगत वर्ष के दौरान 11965.55 लाख के प्रति 11361.84 लाख का कुल लाभ प्राप्त किया, बाजार में मौजूदा मंदी के साथ, बी.बी.जे ने आवर्त एवं लाभप्रदता के मामले में वृद्धि को प्रोत्साहन देते हुए रेलवे और अन्य ग्राहकों से पारिश्रमिक आदेशों का सतत् लक्ष्य रखा।

1.3 समीक्षाधीन अवधि हेतु कर (पी.बी.टी.) पूर्व आपकी कंपनी का लाभ 2018-19 में 159.88 लाख के प्रति 227.89 लाख है।

1.4 वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान 36.13 लाख करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कर (पीएटी) के बाद लाभ 195.92 लाख है।

1.5 चुनौतियों के बावजूद, आपकी कंपनी एक बार फिर लगातार लाभ करने वाले तथा लाभांश का भुगतान करने वाले सी.पी.एस.ई. के ट्रैक रिकार्ड को बनाए रखने के अपने प्रयास में सफल रही।

2. पूंजीगत संरचना

2.1 वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी की पूंजीगत संरचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। 31 मार्च, 2020 को प्राधिकृत पूंजी 34810 लाख तथा पेड-अप शेयर पूंजी 12086.05 लाख थी।

3. सामान्य प्रारक्षित

31 मार्च, 2020 को सामान्य प्रारक्षित 1473.65 लाख (पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 में 1623.65 लाख) बनता है।

4. लाभांश

4.1 सुसंगत रूप में लाभ करने वाले तथा लाभांश का भुगतान करने वाले सीपीएसई के ट्रैक रिकार्ड को बराबर रखते हुए, आपकी कंपनी के बोर्ड निदेशकों 8.54% की दर से एक लाभांश, 1000 रुपये प्रत्येक अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर सब मिलाकर लगभग 1032.00 लाख रुपये की सिफारिश की।

4.2 लाभांश कंपनी की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा इसकी मंजूरी के बाद में भारत सरकार को देय हो जाएगा, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन अपेक्षाओं के मुताबिक होगा, जिसे 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन के बारे में कंपनी रजिस्ट्रार, पश्चिम बंगाल के दिनांक 08 सितंबर, 2020 के आदेश के साथ पढ़ा जाये।

4.3 लाभांश पर लाभांश वितरण कर यदि लागू है, तो आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन मौजूदा प्रावधानों के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

4.4 लाभांश भुगतान केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) पर दिशा-निर्देश के अनुसार, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा जारी किया गया।

5. प्रबंधन विमर्श एवं विश्लेषण

5.1 कंपनी की संक्षिप्त रूपरेखा

5.1.1 केन्द्रीय लोक क्षेत्र के उद्यम (कें.लो.उ.) के रूप में 17 सितंबर, 1986 को समाविष्ट, भारी उद्योग व लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग (डीएएचआई), भारत सरकार के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति जी, समूची 100% इक्विटी शेयर पूंजी धारण करते हैं। यह कंपनी भाउवि के अधीन एक अनुसूची 'ग' केन्द्रीय लोक क्षेत्र का उद्यम है।

5.1.2 कंपनी निम्नलिखित व्यवसाय में संयुक्त हैः

- अभियंत्रण संप्राप्ति व निर्माण (ईपीसी) व्यवसाय - इस्पात पुल, और
- परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) व्यवसाय - सिविल निर्माण कार्य

5.1.3 कंपनी द्वारा अपनायी गयी परियोजनाएं देश के विभिन्न हिस्सों में फैली हुई हैं।

5.1.4 बीबीजे की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली गुणवत्ता नीति की आवश्यकतानुसार तथा आईएसओ : 9001:2008 प्रमाणन के तहत प्रमाणित है।

5.2 बी.बी.जे के परिलक्षित दृष्टि लक्ष्य व उद्देश्य:

5.2.1 दृष्टि

"विशिष्ट प्रौद्योगिकी और लागत कुशल पद्धतियों के माध्यम से उच्च अभियंत्रण मानक सहित पुलों व अन्य अभियंत्रण चमत्कारों में नयापन, अभिकल्पन एवं निर्माण करना है।

सभी पणधारियों हेतु देखभाल और चिंता सहित लाभप्रद, उत्पादक, रचनात्मक, अनुपालन व आर्थिक रूप से मजबूत बने रहना है।"

5.2.2 लक्ष्य एवं उद्देश्य

- संगठन कार्यान्वयन सहित एक विश्व स्तरीय प्रमुख अभियंत्रण परियोजना बनना,
- देश में और उसके बाहर प्रतिष्ठित पुलों और अभियंत्रण चमत्कारों का निर्माण।
- अभिनव, उद्यमशील बनने के लिए लगातार मूल्यवर्धन एवं वैश्विक बेंचमार्क प्राप्त करना।
- नवाचार और कौशल उन्नयन के माध्यम से संगठन एवं कर्मचारियों के सतत् क्षमता संवर्धन व कुल ग्राहक संतुष्टि के लिए वचनबद्ध।

5.3 उद्योग संरचना एवं विकास

5.3.1 अर्थव्यवस्था, भारतीय संरचना क्षेत्र और सरकारी पहल :

5.3.1.1 भारत के 2020 तक वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा निर्माण क्षेत्र का बाजार बनने की उम्मीद है। देश की सतत विकास करने के लिए भारत की 2019-23 के दौरान संरचना पर 1.4 ट्रिलियन अमेरिकी डालर खर्च करने की योजना है।

5.3.1.2 भारत में बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश ने समग्र नि. इ.(निजी इक्विटी) /उ. पूं. (उद्यम पूंजी) निवेश को गति प्रदान की है, जो 2019 में 14.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सब-समय के उच्च निवेश का रिकार्ड है। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत भारत के सभी गांवों को 2019 तक सड़क नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाना था। इसके अलावा, अगले पांच वर्षों में 1,25,000 किलोमीटर सड़क की लंबाई अपग्रेड करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-III (पीएमजीएसवाई) के तहत 80,250 करोड़ रु. (12.03 बिलियन अमेरिकी डालर की अनुमानित लागत की परिकल्पना की गई है। भारत में सड़क निर्माण एशिया में दूसरा सबसे सस्ता हो गया है।

5.3.1.3 भारत सरकार के लिए बुनियादी ढांचा क्षेत्र सबसे बड़ा फोकस क्षेत्र बन गया है। केंद्रीय बजट 2020-21 में, सरकार ने सड़क परिवहन और राजमार्गों के लिए 91.82 अरब रुपये (13.14 बिलियन अमेरिकी डालर) की घोषणा की है। वि.व. 21 के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय को बजटीय आवंटन वि.व. 20 में 2,670 करोड़ रुपये (376.16 मिलियन अमेरिकी डालर) से बढ़ाकर कर 3,049 रुपये (429.25 मिलियन अमेरिकी डालर) कर दिया गया है। देश के सतत विकास के लिए 2019-23 के दौरान भारत की बुनियादी ढांचे पर 1.4 ट्रिलियन अमेरिकी डालर खर्च करने की योजना है। सरकार ने 2018-2030 के बीच रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 5000,000 करोड़ रुपये (750 बिलियन अमेरिकी डालर) के निवेश का सुझाव दिया है।

5.3.2 बी.बी.जे. हेतु संभावनाएँ

5.3.2.1 आंतसंरचना और रेलवे के विकास हेतु सरकार की दृष्टि से उत्कृष्ट वृद्धि अवसर सहित निर्माण क्षेत्र में बढ़ावा मिलने की सम्भावना है इसी तरीके से किए गए प्रयासों को बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 की यूनियन

बजट में रेल मंत्रालय को 71,216 करोड़ रुपये आवंटित किए है। आपकी कंपनी पुल/रोड निर्माण तथा सिविल निर्माण के आला क्षेत्र में अपने अनुभव, विशेषता और प्रतिभा के साथ अवसर का लाभ उठाने के लिए सही ढंग से प्रस्तुत है। अपने दूरस्थ स्थित सतत् निवास योजना के लिए भविष्य के निर्माण चैनलों, बाजार विकास को बढ़ावा देने के लिए आपकी कंपनी की रणनीति अपने सभी पणधारियों हेतु दीर्घकालिक मूल्य सृजन करने के लिए सक्षम है। आपकी कंपनी उद्देश्य आधारित और भविष्य के अनुकूल होने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी।

5.3.2.2 आपकी कंपनी भारत सरकार की नीतिगत उपयों के अनुरूप अपनी उत्पादन क्षमता में नियोजित वृद्धि के साथ अपने नीचे की रेखा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी तैयार है। इन सब में सड़क परियोजना, मेट्रो रेल परियोजनाएँ, स्टेशन भवन का निर्माण, ट्रैक बिछाने और आधुनिकीकरण शामिल हैं और आने वाले वर्षों में रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना में से अन्य और सम्भावनाओं की तलाश के अलावा पीएसी व्यवसाय मॉडल में विविधीकरण के माध्यम से व्यापार के अवसरों का पता लगाना भी शामिल है।

5.3.2.3 आपकी कंपनी द्वारा उठाए गए कदमों से वादा किये गये विकास दर के साथ पारम्परिक व्यापार प्रक्षेपवक्र से विविध क्षेत्र में आपकी कंपनी के कार्य-प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

5.3.2.4 भारत सरकार द्वारा आंतसंरचना पर निरंतर जोर देने के साथ, कठिन क्षेत्रों, यथा; उत्तर-पूर्व, बिहार, जम्मू व कश्मीर में काम करने की अपनी योग्यता समेत बीबीजे का भविष्य उज्ज्वल है जो इसे कठिन और जटिल कार्यों के लिए पंसदीदा संगठन की स्थिति में ले जा सकता है।

5.4 शक्ति और कमजोरी

5.4.1 शक्ति

- मजबूत ब्रांड जाकरूकता और प्रतिष्ठता, भारत में कुछ मेगा ब्रिजों के निष्पादित करने में बेहतर अनुभव, ब्रिजों, सड़कों व अन्य सिविल निर्माण परियोजनाओं का प्रचालन।
- सिविल निर्माण और आंतसंरचना परियोजनाओं में मान्यताप्राप्त उद्योग निर्माता।
- दशकों का अनुभव, सुदूर व सुगम्य क्षेत्र में काम करने का अनुभव।
- जटिल परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने का ट्रैक रिकार्ड।
- लागत ऊपरी के बिना परियोजनाओं को समय पर पूरा करना तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
- बेहतर ऑडर बुक स्थिति, इसके आकार के अनुरूप।
- हमारे ग्राहकों, उप ठेकेदारों, वित्तीय संस्थानों और अन्य पणधारियों के साथ आपसी विश्वास व सम्मान पर बने संबंधों को निभाना।
- लो अट्रीसन दर पर योग्य और अनुभवी कर्मचारी।
- सही निवल सम्पत्ति।
- बीबीजे के पास योग्य और अनुभवी जन शक्ति है जो कठिन और दूरदराज के क्षेत्रों में आला निर्माण परियोजनाओं को निष्पादित करने में सक्षम है।
- बहुत छोटे कर्जवाले हिस्से में प्रबंधित।

5.4.2 कमजोरी

- रेलवे पुल और सिविल विनिर्माण क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में सीमित विविधता।
- व्यवसाय के नए क्षेत्र यानी पीएमसी कंस्ट्रक्शन में मजबूत होने में समय लगेगा।
- जैसा कि कंपनी अपने छोटे आकार के कारण वित्तीय बाधा का सामना करती है, इसलिए, बड़े कामों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख परियोजनाओं की विश्वसनीयता उपलब्ध नही हैं, जिससे ब्रिज, रोड तथा सिविल निर्माण आदि में मूल्यवान व्यवसाय खोता जा रहा है।
- वित्तीय और अन्य सीमितताओं के कारण बीओटी/बीओओ तथा अन्य प्रमुख परियोजना निष्पादन में प्रवेश करने में असमर्थता।

5.5 अवसर, खतरा और बाधाएँ

5.5.1 अवसर

- भारत में विश्वस्तरीय आंतसंरचना हेतु मांग
- 'आत्म निर्भर भारत', 'नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन', 'मेक इन इंडिया', स्मार्ट सिटीज़ मिशन 'और विनिर्माण उद्योग से जुड़ी भारत सरकार की विभिन्न अन्य पहलें विशेष रूप से रेलवे, सड़क और सिविल निर्माण आदि अच्छे बुनियादी ढाँचे की माँग करेंगी, इस प्रकार निर्माण कंपनियों के लिए काफी अवसर प्राप्त होगा।
- आंतसंरचना क्षेत्र हेतु उच्चतर बजटीय आवंटन,
- प्रो-इंडस्ट्री नीति और पहलें, यथा – नैगम कर कम करना, आरईआईटी तथा आंतसंरचना निवेश न्यासों की स्थापना जो आंतसंरचना क्षेत्र आदि में बढ़ावा देंगी।
- भारत सरकार द्वारा आंतसंरचना कार्य में बल तथा सीमा क्षेत्र में विकास कार्य एवं उत्तर-पूर्वी राज्य के विकास कार्य
- सतह परिवहन हेतु आंतसंरचना विकास में जोर,
- प्रमुख भारतीय परियोजनाओं हेतु संयुक्त उद्यम/सहयोग,
- नये क्षेत्रों (जैसे भवन निर्माण, स्मार्ट मीटर लगाना आदि) में विविधता लाने के लिए मार्ग प्रशस्त करना।

5.5.2 खतरा

- आंतसंरचना में भारी निवेश ने बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र के मालिकों को आकर्षित किया है जिन्होंने प्रतिस्पर्धा तेज कर दी है।
- प्रतिस्पर्धा बढ़ने के कारण मुनाफे में कमी आ सकती है।
- नामांकन के आधार पर व्यवसाय में कमी।
- मध्यस्थता और अदालती मामलों के कारण आकस्मिक देयताएँ।

5.5.3 बाधाएँ

5.5.3.1 यद्यपि प्रत्येक संगठन को एक निश्चित कानूनी, फ्रेम वर्क के भीतर काम करना होता है, लेकिन एक सार्वजनिक लोक उपक्रम के रूप में आपके निगम को कुछ बाधाओँ (निजी क्षेत्र की कंपनी हेतु लागू नहीं) का सामना करना पड़ता है जो एक प्रतिस्पर्धी बाजार में इसके लिए नुकसानदायक है। कंपनी नार्थ ईस्ट और अन्य संकटजनक क्षेत्रों में काम कर रही है। जहाँ लोग शामिल होना नहीं चाहते। हालांकि बीबीजे लगातार लाभ कमाने और लाभांश भुगतान करने वाली कंपनी है, लेकिन भारत सरकार से प्रति गारंटी न मिलने की कमी एवं बैकों से बैंक गारंटी सीमित होने के कारण बीबीजे बड़े पैमाने पर एक जांबाज तरीके से राष्ट्र निर्माण में अपनी मुख्य क्षमता का योगदान करने में समर्थ नहीं हो पा रहा है।

5.5.4 जोखिम और चिंताएँ

5.5.5 निर्माण उद्योग में, प्रमुख चिंता लागत मुद्रास्थिति है। परियोजनाओं के समय पर पूरा होने और सरकारी नीति में परिवर्तन होते रहने के कारण समय और लागत में वृद्धि हो जाती है जिसकी भरपाई शायद ही ग्राहकों द्वारा की जाती है जिससे आपकी कंपनी घाटे में चली जाती है।

5.5.6 जोखिम भरे भौगोलिक क्षेत्रों में काम का प्रचालन करने के दौरान कंपनी के कर्मचारियों और परियोजनाओं को जीवन, उदारता और संपत्ति के खतरों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, यह राष्ट्र निर्माण-कार्य में प्रतिष्ठित कार्यों को निष्पादित कराने का गर्व महसूस कराता है, ऐसे स्थानों में कंपनी ने पर्याप्त सुरक्षा के उपाय किये हैं।

5.5.7 वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों के अधीन जोखिम संबंधी ब्यौरे अधिक विस्तृत रूप में उल्लिखित हैं।

5.6 वर्तमान प्रचालनों, मामलों की स्थिति और भविष्य के प्रति दृष्टिकोण

5.6.1 अब नामांकन के आधार पर काम करने के बजाय, मंत्रालयों / सरकारी विभागों में सरकारी उपक्रमों के मध्य एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया शुरू की गयी है। बीबीजे कड़ी प्रतिस्पर्धा के तहत भी काम करने में सक्षम है। भारत सरकार ने 12वीं योजना में बुनियादी ढांचे के लिए भारी निधि आवंटित की है। भारत सरकार द्वारा निवेश का एक बड़ा हिस्सा एनईआर, मेट्रो ,एयर पोर्ट, स्मार्ट शहरों आदि के विकास के लिए है।

5.6.2 आपकी कंपनी भी नये क्षेत्रों जैसे सिविल आंतसंरचना,नये और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों आदि में भी विविधता लाने की योजना बना रही है। भारत सरकार द्वारा आंतसंरचना पर निरंतर जोर देने के साथ एवं कठिन क्षेत्रों में काम करने की क्षमता के साथ बीबीजे को एक पसंदीदा संगठन के रूप में माना जा सकता है जो आला, जटिल और मुश्किल कामों के लिए अवहित है। बड़ी संख्या में निर्माण कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा कंपनी के मार्जिन पर परिणामी प्रभाव डालता है।

5.6.3 भारत अप्रैल में एक गर्त से उबरने के पथ पर चल रहा है, जो एक सक्रिय सरकार और केंद्रीय बैंक की नीतियों द्वारा योग्य रीति से समर्थित है । फिर भी, कोविद के मामलों में वृद्धि और बाद में रुक-रुक कर हो रही रिकवरी की संभावनाएं नाजुक बनी हुई हैं और निरंतर और गतिशील निगरानी चाहती है। यह आने वाले दिनों में बीबीजे के प्रदर्शन में भी सकारात्मक रूप से परिलक्षित होगा।

5.6.4 बीबीजे रेलवे के लिए इस्पात पुलों का निर्माण व स्थापना हेतु अभियंत्रण, संप्राप्ति व निर्माण(ईपीसी) कार्यों में लगा हुआ है; इस एकल ग्राहक निर्भरता के परिणाम स्वरूप विगत में वित्तीय कार्य प्रदर्शन उच्च परिवर्तनशीलता आ गयी है।

5.6.5 एक अलग पीएमसी विंग भी चालू है जो कंस्ट्रक्शन में कंपनी के उद्यम की देखभाल करता है।

5.6.6 कंपनी के वर्तमान व्यवसाय कार्य क्षेत्र नीचे दिये गये हैं :

ब्यौरे	उत्पाद व सेवाएँ	ग्राहक / क्लाइंट
अभियंत्रण संप्राप्ति व निर्माण (ईपीसी) व्यवसाय – इस्पात पुल	निम्नलिखित पुलों का निर्माण : इस्पात पुलों, केबल स्टेड ब्रिज, पुराने पुलों का पुनर्वास, ब्रिज गर्डरों का निर्माण व आपूर्ति	इंडियन रेलवे, आरवीएनएल, राइट्स, इरकॉन, दिल्ली मुबंई मेट्रो रेलवे निगम, हुगली रिवर ब्रिज कमिश्नर
परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) व्यवसाय – सिविल निर्माण कार्य,	निम्नलिखित का निर्माण : भवन आवासीय विद्यालय, सड़क	केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नार्थ इस्टर्न कांउसिल (एनईसी), पश्चिम बंगाल फिशरीज़ कार्पोरेशन लिमिटेड, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, बेनफिश

6. प्रचालन कार्यप्रदर्शन के संबंध में वित्तीय कार्य प्रदर्शन पर विमर्श

6.1.1 आदेश बुक स्थिति

6.1.1.1 वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी ने रेलवे परियोजनाओं और रेलवे परियोजनाओं के अलावा दूसरों से समझौता ज्ञापन के तहत भाउवि द्वारा उत्कृष्ट रेटिंग के लिए निर्धारित क्रमश: 350 करोड़ रु. और 100 करोड़ रु. के लक्ष्य के विरूद्ध कोई नये आदेश हासिल नहीं किया है।

6.1.1.2 31 मार्च, 2020 को प्रभावी ऑर्डर बुक स्थिति रेलवे ब्रिज परियोजना से 59897.32 लाख ₹ तथा सिविल परियोजना से 1542.12 लाख ₹ ह ै जो कुल मिलाकर 61439.44 लाख बनते हैं।

6.1.2 विभिन्नता व भविष्य के प्रति दृष्टिकोण

6.1.2.1 आर्थिक गतिविधियाँ कोविद-19 महामारी के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुई। समूची पृथ्वी के सरकारों को वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन उपायों का सहारा लेना पड़ा। भारत में भी, मार्च 2020 में पूर्ण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगा दिया गया जो मई 2020 के दूसरे पखवाड़े तक जारी रहा। कई प्रतिबंध और आन्तरायिक राज्य के लॉकडाउन मई 2020 के बाद भी जारी रहा। इसने अधिकांश औद्योगिक गतिविधियों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।
प्रतिबंधों को चरणों में उठा कर, आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बीबीजे सभी प्रयासों के साथ, कंपनी की निचली रेखा पर गतिविधियों के विघटन के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है।

6.1.2.2 भविष्य के प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक है तथा कंपनी को आगे आनेवाले वर्ष में और आगे बढ़ने की सम्भावना है।

6.1.2.3 दो व्यवसाय मॉडल, यथा; परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) तथा अभियंत्रण सम्प्राप्ति और ठेका (ईपीसी) के अधीन आपको कंपनी द्वारा विभिन्न उत्पाद लाइन हेतु कदम उठाये जाते हैं। मौजूदा उत्पाद मिश्र के अलावा सिविल अभियंत्रण और निर्माण परियोजनाएँ जैसे सभी आपकी कंपनी के व्यवसाय मॉडल के अंतर्गत आती हैं और यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी, सीमित साधनों के साथ, कार्य हेतु अपेक्षित अनुभव, विशेषज्ञता व दक्षता सहित सड़क निर्माण, पुल व सिविल निर्माण कार्य से संबन्धित कार्य पहले ही निष्पादित कर चुकी है।

6.1.2.4 आदेशों के सफल निष्पादन के बाद अब आपकी कंपनी आगामी दिनों में इसी प्रकृति के और आदेश प्राप्त करने की उम्मीद करती है, जो उत्पादन और लाभप्रदता में महत्वपूर्ण सुधार करेगी। आपकी कंपनी परियोजना प्रबंधन परामर्श के आधार पर ज्यादा सिविल कार्य करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों का अनुसरण कर रही है।

6.1.2.5 हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने बाजार परिदृश्य में आगे अपने अभियान में सुधार बाबत मणिपुर में दो पुलों के निर्माण हेतु एन एफ रेलवे से प्राप्त आदेश का निष्पादन कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि यह कार्य चुनौतीपूर्ण है, पर यह कंपनी की छवि को एक नये प्रोत्साहन देने की उम्मीद प्रदान करता है।

6.1.2.6 निर्माण उद्योग के अन्य प्रमुख खिलाड़ियों के साथ नीतिगत गठबंधन समझौता ज्ञापन / कंसोर्टियम के रूप में पहले से ही है। कंपनियों के बीच ऐसे प्रयास मुख्य रूप से तकनीकी आर्थिक तालमेल का पता लगाने के लिए है। यह प्रक्रिया बीबीजे की उन निविदाओं में भागीदारी सुनिश्चित करेगी जहां अकेले बीबीजे पात्र नहीं है।

6.1.2.7 2020-21और उसके बाद के वर्षों में परियोजना के एक बार शुरू हो जाने के बाद आईटीडी सेम- बीबीजे जॉइंट वेंचर (बीबीजे का शेयर 49%) के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम के माध्यम से आरवीएनएल का 49502.50 लाख रु. के ऑर्डर से निचली रेखा में सुधार होने की तैयारी है ।

6.1.2.8 बीबीजे को पीएमसी आधार पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से स्कूल भवन परिसर निर्माण हेतु 3 आदेश प्राप्त हुए हैं। उपर्युक्त में से, बीबीजे ने केवीएस के दो अदद पहले ही पूरे कर लिए हैं। बीबीजे ने एनईआरएसडीएस परियोजनाओं के अधीन मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में प्रतिचिह्नित सड़कों हेतु शुरूआती रिपोर्ट (1 अदद) एवं डीपीआर (06 अदद) की तैयारी हेतु, नामांकन पर, नर्थ इस्टर्न कांउसिल (एनईसी) से एक आदेश भी प्राप्त किया है, जो पूरा भी हो गया है। कुछ कार्य समान परियोजनाओं में प्राप्त कर लेने के बाद, आपकी कंपनी अधिक मूल्य की निर्माण परियोजनाओं के लिए बोली में भाग लेने के लिए पात्र बन जाएगी।

बीबीजे भी विभिन्न सरकारी विभागों से पीएमसी आधार पर सिविल कार्य प्राप्त करने के लिए लगा हुआ है।

6.1.2.9 पीएमसी व्यवसाय में विपणन प्रयासों में वृद्धिः

बीबीजे, एक सीपीएसई होने के नाते, केंद्र और राज्य सरकारों / विभागों के लिए पीएससी के रूप में कार्य करने के लिए योग्य है। इस अवसर का पता लगाने के लिए, एक नये पीएमसी व्यवसाय वरटिकल हाल ही में पीएमसी अनुबंधों को प्राप्त करने और क्रियान्वित करने के लिए अपना परिचालन शुरू किया। प्रतिभागी अन्य सीपीएसई हैं।

6.2 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी उपयोगिता

6.2.1 कंपनी के पास आंतरिक नियंत्रण और आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्त व्यवस्था है जो प्रबंधन को वित्तीय और परिचालन नियंत्रणों की प्रभावशीलता की समीक्षा करने में मदद करती है। वह यह भी सुनिश्चित करता है कि सभी लेन-देन अधिकृत, रिकार्ड किये गए और सही ढ़ंग से से रिपोर्ट किये गये हैं।

6.2.2 प्रबंधन उचित देखभाल करता है और परिसंपत्तियों की सुरक्षा,धोखाधड़ी और त्रुटि पता लगाने, सटीकता और लेखांकन रिकार्ड की पूर्णता और विश्वसनीयता वित्तीय सूचना की समय पर तैयारी सुनिश्चित करता है।

6.2.3 चार्टर्ड एकांउटेंट के स्वत्रंत फार्मों द्वारा आंतरिक लेखा-परीक्षा के माध्यम से आंतरिक नियंत्रण सुनिश्चित किया जा रहा है जो आवधिक तौर पर महत्वपूर्ण आंतरिक लेखा-परीक्षा करते हैं, उन पर महत्वपूर्ण लेखा – परीक्षा मंतव्य और सुधारात्मक कार्रवाई लेखा-परीक्षा समिति को प्रस्तुत किये जाते हैं।

6.2.4 भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त कंपनी के सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा भी आंतरिक लेखा – परीक्षा की रिपोर्टों की समीक्षा की जा रही हैं।

6.2.5 लेखा की पुस्तकें भी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की पूरक लेखा-परीक्षा के अधीन हैं।

6.3 मानव संसाधन में सामग्री विकास, औद्योगिक संबंध फ्रंट, नियोजित लोगों की संख्या समेत :

इस खण्ड की विस्तृत रूप से चर्चा निदेशक के प्रतिवेदन में कही की गई है।

6.4 पर्यावरण संरक्षण व प्रतिरक्षण, तकनीकी संरक्षण, अक्षम ऊर्जा विकास, विदेशी मुद्रा संरक्षण :

इस खण्ड में विस्तृत रूप से चर्चा निदेशक के प्रतिवेदन में कहीं की गयी है।

6.5 नैगम सामाजिक जिम्मेदारी

इस खण्ड में विस्तृत रूप से चर्चा निदेशक के प्रतिवेदन में कहीं की गयी है।

6.6 सावधानी विवरण

इस प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट में कंपनी के उद्देश्यों, अनुमानों और अपेक्षाओं का वर्णन करते हुये, जो प्रयोज्य नियमों व विनियमों के अर्थ के भीतर "आगे की ओर देखने वाले बयान" हो सकते है, वास्तविक परिणाण उन व्यक्त या निहित से पर्याप्त रूप में या भौतिक रूप में भिन्न हो सकता है, महत्वपूर्ण विकास जो कंपनी के प्रचालनों को प्रभावित कर सकते है में शामिल हैं - संरचनात्मक क्षेत्र में गिरावट, भारत और विदेशों में आर्थिक वातावरण में महत्वपूर्ण परिवर्तन, विनिमय में उतार-चढ़ाव, कर कानून, मुकदमेबाजी और श्रम संबंध। इस क्षेत्र के तहत जानकारी के लिए स्रोत निम्नानुसार है :

- मौद्रिक नीति समिति की 20 से 22 मई, 2020 तक की बैठक का कार्यवृत्त।
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 2019-20 के वार्षिक राष्ट्रीय आय के अनंतिम अनुमान।
- आर्थिक मामलों विभाग की मासिक आर्थिक रिपोर्ट।
- भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट, - इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ)।

7 समझौता ज्ञापन (एमओयू)

7.1 समझौता ज्ञापन वित्तीय और गैर वित्तीय मापदंडों के तहत विभिन्न लक्ष्यों और कार्य-प्रदर्शनों को निर्धारित करता है, जिनका आकलन वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के बाद वास्तविक उपलब्धियों के प्रति किया जाता है।

7.2 2019-20 हेतु समझौता ज्ञापन : आपकी कंपनी ने वर्ष 2019-20 हेतु भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये है। एमओयू मापदंड पर बोर्ड द्वारा और अधिक उच्चतर व बेहतर रैकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्य प्रदर्शन के सुधारने बाबत विभिन्न तरह से विस्तृत रूप में विचार-विमर्श किया गया है।

8 बोर्ड समितियां और संबंधित सूचना / प्रकटीकरण

8.1.1 निदेशक मंडल

8.1.1.1 सरकार के आदेश द्वारा श्री अर्नब चटर्जी को 24.04.2019 से निदेशक (तकनीकी) के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री चटर्जी की नियुक्ति के पूर्व, सीएण्डएमडी समय-समय पर सरकारी आदेशों द्वारा कंपनी में निदेशक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार सम्हाले हुए थे। डीएचआई द्वारा सरकारी आदेश के तहत, श्रीमती बेला बनर्जी, पूर्व सदस्य (तक.), रेलवे दावा ट्रिब्यूनल और श्री तापस कुमार चटर्जी, एडवोकेट, माननीय उच्च न्यायालय, कोलकाता को 03.06.2017 से 02.06.2019 तक सरकारी आदेश द्वारा 3 वर्षों की अवधि हेतु कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों के रूप में नियुक्त किया गया था। 03 वर्ष की सेवा-अवधि समाप्त हो जाने के बाद, श्रीमती बेला बनर्जी और श्री तपन कुमार चटर्जी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक नहीं रहे। इस समय स्वतंत्र निदेशकों के स्थान 03.06.2019 से रिक्त है। भा भा उसे नये स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का आदेश की प्रतीक्षा है।

8.1.2 वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान निदेशक मंडल की 4 बैठकें हुई।

8.1.3 बोर्ड का गठन और अन्य समिति की बैठकों का विस्तृत विवरण, बैठकों की तिथि सहित उक्त बैठकों में निदेशकों / सदस्यों की उपस्थिति एवं अन्य अपेक्षित विवरण निगम प्रशासन रिपोर्ट के अधीन अलग से इस रिपोर्ट के सम्बद्ध और अंश स्वरूप में आवृत्त हैं।

8.1.4 प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

8.1.5 कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 और धारा 2 (51) की शर्तों के अनुसार श्री गोरा चंद जश, महाप्रबंधक (वित्त), जिन्हें मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के तौर पर भी नामित किया गया था, 31.01.2020 को सेवानिवृत्त हो गये।

8.1.6 31.03.2020 को मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक तथा पूर्णकालिक निदेशक निम्नानुसार है:-

i श्री सुन्दर बनर्जी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
ii श्री रीतेन्द्र कुमार मित्रा – निदेशक (वित्त)
iii श्री अर्नब चटर्जी - निदेशक (तकनीकी)
iv श्री नवीन कुमार मिश्रा- कंपनी सचिव (सीएस)

8.1.7 सरकारी आदेश द्वारा, श्री अर्नब चटर्जी 24.04.2019 से पूर्णकालिक निदेशक (परियोजना) के रूप में नियुक्त हुए थे।

8.1.8 श्री रीतेन्द्र कुमार मित्रा, पूर्णकालिक निदेशक (वित्त) के तौर पर 30.06.2020 को सेवानिवृत्त हो गये।

8.1.9 सरकारी आदेश द्वारा श्री मुकेश कुमार , पूर्णकालिक निदेशक (वित्त) के रूप में 01.07.2020 को नियुक्त हुए थे।

8.2 बोर्ड मूल्यांकन व बोर्ड सदस्यों का प्रशिक्षण

8.2.1 नैगम कार्य मंत्रालय, देखें अधिसूचना सं. जीएसआर 463 (ई), ने अपने निदेशकों के वार्षिक मूल्यांकन से सरकारी कंपनियों को छूट दी।

8.2.2 गैर-कार्यपालक बोर्ड सदस्य की नियुक्ति सरकारी आदेश द्वारा होती है और वे उद्योग, वाणिज्य तथा प्रशासन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति होते हैं, बोर्ड में उनकी उपस्थिति व्यावसायिक निर्णय लेने में लाभप्रद और फलदायी होती है। निदेशकों को कंपनी के व्यवसाय और अन्य गतिविधियों से अवहित कराने के उद्देश्य से कंपनी के समग्र विषय पर प्रजेन्टेशन दिए जाते हैं। इसके अलावा, निदेशकों को कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य नैगम कानूनों के संबंध में अद्यतन विकास से अवगत रखा जाता है। बोर्ड को वित्तीय कार्य-प्रदर्शन, चालू परियोजनाओं की स्थिति तथा विषय संबंधी अन्य महत्वपूर्ण व्यवसाय प्रचालन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्य-सूची कागजात और ब्रिफिंग के माध्यम अद्यतन रखा जाता है।

8.3 निदेशकों की जिम्मेदारी विवरण

अधिनियम की धारा 134 के अनुसरण में, निदेशक यह प्रमाणित करते है कि :

(क) वार्षिक लेखों की तैयारी में सामग्री प्रस्थान (अगर कोई हो), से संबंधित उचित व्याख्या के साथ लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है;

(ख) उपर्युक्त लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है एवं सुसंगत रूप में लागू किया गया है और यह निर्णय व अनुमान लगाया गया है जो उचित और विवेकपूर्ण है, ताकि कंपनी के मामले की स्थिति के बारे में तथा 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष बाबत कंपनी के लाभ एवं हानि का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान कर सके।

(ग) कंपनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रखरखाव बाबत उचित व प्रर्याप्त व्यवस्था अपनायी गयी है।

(घ) वार्षिक लेखा चालू व्यवस्था आधार पर तैयार किये जाते हैं ;

(ङ) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियों का उपयोग किया जाता है, तथा ऐसी प्रणालियां उपर्युक्त और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

8.4 स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

8.4.1 कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149(7) के अनुपालन में कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों से घोषणा (एँ) प्राप्त हो गयी हैं कि अवधि के दौरान जिसमें वे कंपनी के निदेशक मंडल में यानी 02.06.2019 तक थे हेतु कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149(6) के तहत यथा विनिर्धारित स्वतंत्रता मानदण्ड को पूरा करते हैं।

8.5 लेखा परीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति तथा सीएसआर समिति:

8.5.1 बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का गठन भारत सरकार, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग द्वारा कारपोरेट गवर्नेंश मार्गनिर्देशों-2010 के तहत यथापेक्षित, संदर्भ शर्तों के अलावा, लेखापरीक्षा समिति में स्वतंत्र निदेशकों, जो वित्त और लेखे क्षेत्र के विशेषता रखते हों, समेत गैर-पालक निदेशकों को लेकर किया जाता है। बोर्ड की लेखापरीक्षा समितियों और अन्य समितियों के संबंध में विस्तृत विवरण कारपोरेट गवर्नेंश रिपोर्ट में भी दिये जाते हैं।

8.5.2 आपकी कंपनी विभिन्न नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता, जबावदेही, सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से लेखा-परीक्षा बैठक और अन्य बोर्ड स्तरीय बैठक आयोजित करती है। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान लेखा-परीक्षा समिति की तीन बैठक हो गयी हैं।

8.5.3 बोर्ड द्वारा गठित विभिन्न समितियों का गठन, बैठकें, उपस्थिति व अन्य विस्तृत विवरण इस रिपोर्ट के संबद्ध और अंश स्वरूप नैगम प्रशासनिक रिपोर्ट के अधीन आवृत्त किए जाते हैं।

8.5.4 स्वतंत्र निदेशकों की सेवा समाप्ति एवं 02.06.2019 के बाद स्थान खाली होने के नतीजतन सभी उपर्युक्त समितियाँ सरकारी नामिनी निदेशकों एवं कार्यशील निदेशकों के साथ गठित की जाती हैं। अंशकालिक सरकार नामिती निदेशक उपर्युक्त समिति के अध्यक्ष होते हैं। दो अन्य सदस्य निदेशक (वित्त) और निदेशक (तकनीकी) होते हैं।

8.6 संबंधित पार्टी लेनदेन

8.6.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने संबंधित पार्टियों से ठेका / व्यवस्था / लेन-देन नहीं किया था जिसे कंपनी अधिनियम की धारा 188 (1) में संदर्भित संबंधित पार्टी लेन-देन के प्रावधानों के अनुसार सामग्री मानी जा सके।

8.6.2 संबंधित पार्टी के तहत आवृत्त नेमी लेनदेन इस रिपोर्ट के वित्तीय विवरण अनुभाग में खुलासा और वर्णित किया जाता है।

8.7 कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति व पारिश्रमिक) अधिनियम, 2014 के अनुसार प्रकटीकरण

8.7.1 कंपनी, भारत सरकार का एक उद्यम होने के कारण, कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम,2014 के नियम 5(1) के साथ पठित कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 197(12) के अधीन यथा वर्णित पारिश्रमिक व अन्य विवरण से संबंधित प्रकटीकरण आवश्यकताओं से मुक्त है।

8.7.2 इसके अलावा, आपकी कंपनी ने कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) व 5(3) के प्रावधानों का ध्यान आकर्षित करता कोई पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया है।

9 सूचना व सतर्कता फ्रेमवर्क, नीतियाँ प्रक्रिया :

9.1 सतर्क तंत्र / व्हिसल ब्लोअर नीति

9.1.1 कंपनी ने निदेशकों और कर्मचारियों हेतु अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या कंपनी की आचार संहित के उल्लंघन के बारे में वास्तविक रिपोर्ट दर्ज करने के लिए एक बेहतर सतर्कता तंत्र तैयार किया गया है जिसमें निष्पक्ष रूप से मामलों के संचालन हेतु पेशेगत, ईमानदारी, अखंडता और नैतिक व्यवहार के उच्चतम मानकों को अपनाते हुए विधिवत व्हिसल ब्लोअर नीति शामिल की गयी है।

9.1.2 नीति का उद्देश्य एक भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। व्हिसल ब्लोअर नीति संबंधी विस्तृत विवरण नैगम प्रशासन रिपोर्ट में भी वर्णित है। व्हिसल ब्लोअर नीति को कंपनी के वेबसाइट पर भी डाला जाता है एवं www.bbjconst.com पर उपलब्ध है।

9.2 सूचना का अधिकार

9.2.1 कंपनी के पास सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अधीन नागरिकों को जानकारी प्रदान करने के लिए उपयुक्त एक तंत्र है।

9.2.2 वि.व. 2019-20 के दौरान आरटीआई अधिनियम के अधीन कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 25 आवेदनों के उत्तर उसी अवधि के दौरान दिए गए। 31.03.2020 को 3 आवेदनों के उत्तर लम्बित थे। आवेदनों के जवाब कथित अधिनियम के तहत विनिर्धारित समय-सीमा के अन्दर दिए गए थे।

9.3 सतर्कता

9.3.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सतर्कता क्रियाकलाप प्रभावी ढंग से प्रबंधित किये गये थे और कोई थी सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन नहीं था।

9.4 लेखागत नीति / मानक का पालन

9.4.1 वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु, कंपनी का वित्तीय विवरण इंडि एएस 101 के अधीन तैयार किया गया था। यह पहली बार कंपनी (लेखागत मानक) नियम 2015 के अनुपालन में भारतीय लेखा मानकों का अंगीकरण था। यह इंडि एएस के तहत तैयार वित्तीय विवरण की द्वितीय रिपोर्टिंग अवधि है।

9.4.2 वित्तीय विवरण के हिस्से वाली टिप्पणियों के अधीन महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का विवरण पर्याप्त रूप से समझाया गया है।

9.4.3 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप-धारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट लागत रिकार्डों का अनुरक्षण कंपनी द्वारा अपेक्षित है तथा तदनुसार ऐसे लेखे और रिकार्ड बनाये और अनुरक्षित किये जाते हैं।

9.5 आंतरिक लेखा-परीक्षा और आंतरिक नियंत्रण

9.5.1 कंपनी के पास बेहतर नैगम प्रशासन बाबत, जोखिम प्रबंधन के प्रभावकता सुधार व अनुपालन हेतु कंपनी की नीतियों का अनुपालन,अपनी परिसम्पतियाँ की सुरक्षा व धोखाधड़ी की रोकथाम, सही व त्वरित वित्तीय रिपोर्टिंग सहित अपने व्यवसाय का व्यवस्थित व प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक प्रर्याप्त वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है।

9.5.2 कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि व्यवसाय कानूनी, वैधानिक तथा विनियामक अनुपालन आवश्यकता के अनुसार संचालित किया जाता है।

9.5.3 चार्टर्ड एकांउटेंट्स के फर्म, कंपनी में आंतरिक लेखा-परीक्षा कार्य को निष्पादित और उस पर रिपोर्टिंग करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। आंतरिक लेखा-परीक्षा निष्कर्षों की रिपोर्टो को कंपनी के प्रबंधन और लेखा-परीक्षा समिति को समय-समय पर प्रस्तुत किया जाता है। आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के आधार पर, संबंधित क्षेत्रों मे सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है तथा समग्र प्रणाली को मजबूत किया जाता है।

9.5.4 कंपनी के पास, सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों, यथा- विपणन मैनुअल, क्रय व कार्य मैनुअल, सामग्री, भंडार, लेखा और निजी मैनुअल आदि को शामिल करते हुए प्रबंधन द्वारा जारी विभिन्न कोडों, मैनुअलों व प्रक्रियाओं के रूप में प्रर्याप्त आंतरिक नियंत्रण उपाय हैं।

9.5.5 आंतरिक लेखा-परीक्षा योजना, आंतरिक नियंत्रण तंत्र और वित्तीय व प्रचालन प्रणाली के विषयों को भविष्य में सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक मजबूती प्रदान की जाती है।

9.6 नैगम प्रशासन:

9.6.1 आपकी कंपनी अपनी लगातार समग्र कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नैगम, प्रशासन की बेहतर पद्धतियों को अपनाने का प्रयास करती है। इन प्रयासों पर प्रकाश डालती नैगम प्रशासन रिपोर्ट डीपीई नैगम प्रशासन दिशा-निर्देश की शर्तों पर सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा विधिवत प्रमाणित, नैगम प्रशासन शर्तों को पूरा करने पर प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत की जाती है।

9.6.2 एक अभिन्न अंग होने के नाते, नीतिगत पहल कार्य-प्रक्रिया में जहाँ कहीं जरूरी और आवश्यक हो, जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत पहल उठायी गयी थी। आपकी कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है और इस तरह के नियंत्रणों को समय-समय पर बोर्ड द्वारा नामित सदस्यों द्वारा गठित लेखा-परीक्षा समिति की प्रक्रिया के माध्यम परीक्षण किया जाता है।

9.7 जोखिम तत्वों की पहचान जो उसमें शामिल हों सहित कंपनी बाबत जोखिम प्रबंधन नीति के विकास और क्रियान्वयन को दर्शाता विवरण, अगर कोई हो, जो बोर्ड की राय में कंपनी के अस्तित्व के लिए खतरा हो:-

9.7.1 जोखिम प्रबंधन प्रणाली नैगम और प्रचालन उद्देश्यों के साथ एक एकीकृत और समेकित प्रणाली है। जोखिम प्रबंधन एक आम व्यावसायिक अभ्यास के रूप में समझा जाता है न कि निर्धारित समय में एक अलग कार्य के रूप में।

9.8 गुणवत्ता आश्वासन / गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा

9.8.1 आपकी कंपनी अपेक्षित गुणवत्ता अनुरक्षित करने के लिए ठेके में यथा विनिर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों और मानकीकृत विशिष्ट प्रक्रिया के अनुपालन के लिए वचनबद्ध है। निरंतर सूचित करने तथा कार्यकारी आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाने के अंग स्वरूप, एक गुणवत्ता सुनिश्चयन / गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया अभ्यास के रूप मे पालन किया जाता है। निर्माण में सुरक्षा को हलके से नहीं लिया जाता है। वस्तुतः सुरक्षा सब समय निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। कंपनी की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली गुणवत्ता नीति की आवश्यकता के अनुसार प्रबंधन, आईएसओ 9001:2015 के अधीन प्रमाणित है।

9.8.2 वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मुख्यालय में मनाया जाता है जो गुणवत्ता स्कंध द्वारा आयोजित किया जाता है एवं परियोजना स्थल पर सुरक्षा की आवश्यकता उपलब्ध कराने के लिए इस अवसर पर सुरक्षा जागरूकता हेतु आम दिशा-निर्देश पढ़े जाते हैं।

10 लेखा-परीक्षक

10.1 2019-20 की लेखे पर सांविधिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट

10.1.1 मेमर्स एआरएसके एण्ड कं., चार्टर्ड एकांउटेंट्स, कोलकाता को वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कंपनी के सांविधिक लेखा – परीक्षक के रूप में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किया गया था।

10.1.2 वर्ष 2018-19 हेतु लेखे पर सांविधिक लेखा-परीक्षकों की योग्यता आदि लेखा के नोट में पर्याप्त रूप से समझाया गया है।लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में लेखे पर टिप्पणियॉ स्वत: स्पष्ट है तथा इसलिए अधिनियम की धारा 134(3)(एफ) के तहत आगे किसी और स्पष्टीकरण के लिए नहीं कहते हैं।

10.1.3 कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (सीए) के तहत यथा अपेक्षित धोखाधड़ी के संबंध में धारा 143 की उप-धारा (12) के अधीन लेखा-परीक्षकों द्वारा कोई प्रतिकूल रिपोर्टिंग नहीं कि गयी है।

10.2 भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के मंतव्य

10.2.1 कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के पूरक पर 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी के वित्तीय विवरण पर भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक के मंतव्य जो समीक्षाधीन अवधि के लिए वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में शेयरधारकों के समक्ष प्रस्तुत किये जाते हैं।

10.3. सचिवीय लेखा परीक्षक एवं लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

10.3.1 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के प्रावधान जो कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

10.3.2 कंपनी ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा जारी प्रयोज्य / अनिवार्य सचिवीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया है।

11 मानव संसाधन, महिला सशक्तिकरण और कल्याण गतिविधियाँ

11.1 मानव संसाधन

11.1.1 प्रचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए, संगठन की अपेक्षाओं को पूरा करने तथा बदलते औद्योगिक परिदृश्य के साथ ताल से ताल मिलाकर चलने के लिए कठोर और सतत् प्रयास किये जा रहे हैं।

11.1.2 कर्मचारियों से संबंधित किसी भी शिकायत को कम से कम समय में हल करने के लिए शिकायत समिति द्वारा कार्रवाई की जानी है, कर्मचारियों के क्रियात्मक और व्यवहार कौशल को ध्यान में रखते हुए, कर्मचारियों के बीच स्व-शिक्षण को प्रोत्साहन देने और कुशलता वर्धन हेतु विभिन्न स्तर पर विभिन्न मॉड्यूल के तहत प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी थी।

11.1.3 इसके अलावा, वर्तमान नवोन्मेषी और चुनौतीपूर्ण बाजार को ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी ने, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनसे संबंधित कार्य में आने वाली अद्यतन जानकारी / तकनीकों व परिवर्तनों से जागरूक करने तथा ज्ञान के आधार को बढ़ाने के लिए जिससे कि वे एक टीम के रूप में समग्र संगठनात्मक लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से समुन्नत क्षमता और उत्साह के साथ कार्य कर सकें,आवश्यकता आधारित स्व-गृह प्रशिक्षण कार्यक्रम / तकनीकी कार्यशालाओं की व्यवस्था की।

11.2 नैगम सामाजिक दायित्व; वर्ष के दौरान नैगम सामाजिक दायित्व पर कंपनी द्वारा उठाये गये विकसित एवं क्रियान्वित नीति के बारे में विस्तृत जानकारी।

11.2.1 अगले वर्ष के लिए सीएसआर के लिए निर्धारित राशि को कंपनी अधिनियम 2013 की आवश्यकता के अनुसार खर्च किया जाएगा।

11.2.2 कंपनी (नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के अधीन यथा अपेक्षित सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट इस रिपोर्ट के अनुलग्नक में रखा गया है।

11.2.3 कंपनी की सीएसआर नीति कंपनी की वेब साईट https://www.bbjconst.com पर उपलब्ध है।

11.3 महिला सशक्तिकरण

11.3.1 लैंगिक समानता को महत्व देते हुए कंपनी लगातार आगे बढ़ रही है। वेतन भुगतान, कार्य के घंटे, स्वाश्थ्य, सुरक्षा, कल्याण पहलुओं एवं मातृत्व लाभ, आदि - जैसे मामलों में महिला कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक उपायों /सांविधिक प्रावधानों को लिखित एवं भावना रूप में कंपनी द्वारा पालन किया जा रहा है।

11.4 समाज के कमजोर तबकों का कल्याण

11.4.1 फैक्टरी अधिनियम, 1948 में यथा विनिर्दिष्ट सांविधिक क्ल्याण सुविधाएँ और इसके तहत बनाए गए नियम, सरकारी नीति तथा दिशा-निर्देश के अनुरूप क्रमश: अनु.जा., अनु.ज.जा., अ.पि.वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एवं नि:शक्तजन के आरक्षण नीति के प्रति कल्याण और सामाजिक न्याय के प्रावधान के अलावा कंपनी द्वारा कर्मचारियों के कल्याणार्थ प्रशासित किए जाते हैं।

11.5 एमएसएमई को प्रोत्साहन / सहायता

11.5.1 समीक्षाधीन अवधि के लिये प्रिटिंग, टोनर आदि समेत स्टेशनरी की कुल खरीद में से, अपेक्षित संप्राप्ति एमएसएमई के मार्फत की गयी थी। 45 दिनों से अधिक की एक अवधि हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत में आपूर्तिकारों को कोई भुगतान शेष नहीं था।

11.5.2 सामान व समर्थन सामाजिक कल्याण संगठनों को चरणबद्ध तरीके से जरूरत के समय उनसे चयनात्मक स्रोतों / सामग्री की सम्प्राप्ति एवं सेवाओं के माध्यम मुहैया करवाए गए थे।

11.6 कार्य स्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (निषेध रोकथाम एवं उपचार) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण :-

11.6.1 (क) कंपनी के कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (निषेध, रोकथाम एवं उपचार) अधिनियम, 2013 के अधीन आंतरिक शिकायत समिति के गठन के संबंध में प्रावधानों का अनुपालन किया है। आंतरिक शिकायत समिति यौन उत्पीड़न की सभी शिकायतों की छानबीन करने तथा स्पष्ट समय-सीमा सहित निष्पक्ष जांच प्रक्रिया करने में सक्षम है।

(ख) कार्य स्थल पर महिला य़ौन उत्पीड़न (निषेध, रोकथाम एवं उपचार) अधिनियम, 2013 के अधीन यथा अपेक्षित मामलों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

(i)	वित्त वर्ष के दौरान दायर शिकायतों का संख्या	शून्य
(ii)	वित्त वर्ष के दौरान निपटाएं गये शिकायतों की संख्या	शून्य
(iii)	वित्त वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य

12 अन्य प्रकटीकरण

12.1 कानूनी अनुपालन

12.1.1 बोर्ड को एजेंडा नोट के मार्फत नियमित आधार पर सांविधिक और अन्य अनिवार्य कानूनी अनुपालन अवगत कराया जाता है। बोर्ड को उन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी द्वारा उठाये गए सुधारात्मक कार्य और सांविधिक प्राधिकारियों से प्राप्त नोटिस, अगर कोई, से भी अवगत कराया जाता है।

12.2 ऋण, गारंटी या निवेश के विवरण

12.2.1 विवेचनाधीन अवधि के दौरान, कंपनी द्वारा कोई ऋण, गारंटी व निवेश नहीं किया गया था जिसके लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अधीन जिनका अनुमोदन अपेक्षित है। ऋण गारंटी व निवेश वित्तीय विवरण और उसके टिप्पण अंश स्वरूप उसके अधीन आवृत्त किए जाते हैं।

12.3 बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक हेतु आचार संहिता

12.3.1 आपकी कंपनी में नीतिगत ढांचा अच्छी तरह परिभाषित किया जाता है जिसमें जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्षता, पारदर्शिता और ईमानदारी सहित कंपनी की व्यवसाय नैतिकता संचालित करने के उद्देश्य के साथ नैतिक पेशेवर आचरण हेतु सभी बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अनुपालन बाबत प्रक्रिया का उल्लेख है। संहिता कंपनी के वेवसाइट www.bbjconst.com पर उपलब्ध है। सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने समीक्षाधीन अवधि के लिये आचार संहिता का अनुपालन किया है।

12.3.2 डीपीई द्वारा सीपीएसई नैगम प्रशासन पर दिशानिर्देश के अनुरूप आचार संहिता के अनुपालन पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणा।

आचार संहिता पर घोषणा

डीपीई द्वारा जारी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम 2010, दिनांक14 मई, 2010 के लिए नैगम प्रशासन पर दिशानिर्देश के खंड 3.4.2 के संदर्भ में, मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि सभी बोर्ड के सदस्य और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने वित्त वर्ष 2019-20 हेतु वार्षिक आधार पर कथित दिशानिर्देश के तहत यथा विनिर्दिष्ट आचार संहिता के अनुपालन का पुष्टि की है।

हस्ताक्षर :
(सुन्दर बनर्जी)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 06862063

12.4 हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

12.4.1 कंपनी में हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु लिए गए उपाय

12.4.1.1 कंपनी में राजभाषा -हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार की राजभाषा नीति के समुचित अनुपालन के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। हिंदी में मूल टिप्पणी /आलेखन को बढ़ाने और सरकारी पत्राचार को हिंदी / द्विभाषी रूप में करने के लिए बल दिया गया है। राजभाषा नियम 8 (4) के तहत यथा अधिसूचित कंपनी के 80% कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, इसके अलावा, शेष कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से प्रवीण / प्राज्ञ पाठ्यक्रम की हिंदी कक्षाओं के लिए नामित किया जा रहा है। हिंदी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा के लिए बीबीजे की "राजभाषा कार्यान्वयन समिति" की तिमाही बैठकें नियमित रूप से आयोजित की गईं। कंपनी में कर्मचारियों के लिए "हिन्दी कार्यशाला" का आयोजन किया जाता है। राजभाषा हिंदी गृह पत्रिका - "बीबीजे दर्पण" नियमित अंतराल पर प्रकाशित होती है। कंपनी में 02 से 16.9.2019 तक "हिन्दी पखवाड़ा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। हिंदी के प्रचार के लिए और हिंदी के प्रयोग को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए, पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों के बीच विभिन्न अंत:गृह हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को समापन समारोह में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। कंपनी की द्विभाषी वेबसाइट भी समय-समय पर अपडेट की जाती है।

12.4.2 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी को निम्नलिखित राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया :

12.4.2.1 बीबीजे कंपनी को जनवरी, 2020 माह में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) कोलकाता, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से वर्ष 2018-19 के दौरान हिन्दी गृह पत्रिका : "बीबीजे दर्पण" प्रकाशित करने के लिए "गृह पत्रिका पुरस्कार योजना" के तहत प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।

12.4.2.2 नराकास (उपक्रम), कोलकाता द्वारा 29.01.2020 को कोलकाता के यादवपुर में स्थित सीजीसीआरआई के "मेघनाद साहा प्रेक्षागृह" में आयोजित राजभाषा समारोह में श्री सुंदर बनर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल, श्री जगदीप धनखड़ जी के कर-कमलों से राजभाषा शील्ड प्राप्त किया है। श्री प्रभु दयाल, राजभाषा प्रभारी एवं संपादक, बीबीजे दर्पण को भी वर्ष 2018-19 के दौरान हिन्दी गृह पत्रिका हेतु उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति फलक दिया गया। इस अवसर पर श्री अभिषेक भट्टाचार्जी, प्रबंधक (मा.सं.प्र.) को हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन हेतु सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया जो नराकास (उपक्रम), कोलकाता के तत्वावधान में आयोजित की गयी थी।

12.4.2.3 दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, कोलकाता को केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद एवं राष्ट्रीय साहित्य एकेडेमी, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 28 फरवरी, 2020 को भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता के सभागार में आयोजित "राजभाषा सम्मेलन" में "सर्वोत्कृष्ट राजभाषाश्री सम्मान" प्रदान किया गया है। कंपनी में वर्ष 2018-19 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए श्री अर्नब चटर्जी, निदेशक (तकनीकी) ने पश्चिम बंगाल के महामहिम राज्यपाल श्री जगदीप धनखड़ के कर-कमलों से "सर्वोत्कृष्ट राजभाषाश्री सम्मान" प्राप्त किया। श्री प्रभु दयाल, प्रभारी - राजभाषा को उनके समर्पित भाव से कार्य करने के लिए "राजभाषा गौरव" सम्मान प्रदान किया गया।

12.5 वार्षिक रिटर्न का सार

12.5.1.1 नियम 12, कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के उप-नियम (1) में यह प्रावधान है कि कंपनी को बोर्ड की रिपोर्ट के साथ फॉर्म सं. एमजीटी. 9 में वार्षिक विवरणी की उद्धरण संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होगी, अगर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 की उप-धारा (3) के अनुसार बोर्ड की रिपोर्ट में ऐसे वार्षिक रिटर्न के वेब लिंक का खुलासा किया गया है। इस प्रावधान को 28 अगस्त, 2020 को कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियम, 2020 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है।

12.5.1.2 तदनुसार, इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ दायर की गई वार्षिक रिटर्न की वेब लिंक निम्नलिखित वेब लिंक पर उपलब्ध होगी – https://www.bbjconst.com/financial.html. पहले अनुच्छेद में उपर्युक्त प्रावधानों के मद्देनजर, फॉर्म सं. एमजीटी. ९ में 'वार्षिक विवरणी के उद्धरण' समीक्षाधीन अवधि के लिए बोर्ड रिपोर्ट का हिस्सा नहीं है।

12.6 प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान सहायक कंपनियों, एसोसिएट्स और संयुक्त उद्यम कंपनियों तथा कंपनी के समग्र कार्य प्रदर्शन में उनके अवदान पर रिपोर्ट

भागीरथी ब्रिज निर्माण कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बीबीसीसीपीएल) एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जो बीबीजे और गैमन इंडिया लिमिटेड (जीआईएन) द्वारा प्रोमोट किया गया है। निष्क्रिय के रूप में नामिति निदेशक के पद के बाद बीबीजे द्वारा अपने निदेशक से संबंधित गलती को सुधारने या बीबीसीसीपीएल के गठन हेतु संयुक्त उद्यम करार और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुसार निदेशकों का फिर से नामांकन करने का अनुरोध किया गया था। अनेक बार अनुस्मारक भिजवाने के बावजूद, जीआईएल द्वारा कोई सुधार या निदेशकों का फिर से नामांकन नही किया गया। इस कारण से निदेशकों या पणधारियों की बैठक के आयोजन में गतिरोध है तबसे कथित बोर्ड मीटिंग या पणधारियों की बैठक आयोजित करने का कोई कोरम नहीं है।

फार्म सं 22 क, सक्रिय उक्त गतिरोध के कारण फाइल नहीं किया जा सका है एवं अतएव, कंपनी की वर्तमान स्थिति निष्क्रिय अननुपालित है।

बीबीसीसीपीएल वस्तुतः एक निष्क्रिय संयुक्त उद्यम कंपनी है, द्वितीय हुगली ब्रिज के निर्माण के उद्देश्य के पूरा होने के पश्चात बाद अपने आधार को खोने के बाद, जिसके लिए इसे शामिल किया गया था। यहां कोई कर्मचारी नहीं है। बीबीसीसीपीएल के पक्ष में बीबीजे द्वारा रूटिन फाइलिंग और लेखा परीक्षा /सांविधिक खर्च किए गये थे।

12.7 पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा संरक्षण और तकनीकी व विदेश मुद्रा अर्जन और निर्गम

12.7.1 ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रणः

12.7.1.1 विवेचनाधीन वर्ष के दौरान, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाना जारी रहा। आंतरिक तंत्र के माध्यम, विभिन्न अवस्थानों पर अपने परियोजना स्थलों पर व्यवहृत संयंत्र से कार्बन एवं अन्य गैसों के उत्सर्जन स्तर को प्रबोधित करने के लिए इसकी नीतियों एवं प्रणाली की आवधिक जांच के माध्यम ऊर्जा संरक्षण हेतु कदम उठाएं जा रहे हैं।

12.7.1.2 अपने संसाधनों के सीमित उपयोग, विभिन्न स्थलों पर अपनी चालू परियोजनाओं के संपर्क प्रकृति व लघु अवधि सहित उक्त कार्य-स्थलों पर ऊर्जा संरक्षण उपस्कर में पूंजी निवेश के माध्यम वैकल्पिक स्रोतों का व्यवहार इस समय संभव नहीं है। तथापि भविष्य में संभाव्य तरीके में ऊर्जा संरक्षण के वैकल्पिक उपयोग बाबत रास्ते खोजें जाते हैं।

12.7.1.3 विद्युत संरक्षण हेतु बेहतर तकनीकों को अपनाते हुए सभी नई निर्माण परियोजनाओं में ऊर्जा खपत को कम करने पर बल दिया जाता है। इसकी शुरुआत एलसीडी को एलईडी में बदलकर पहले ही की जा चुकी है। इसके अलावा, निष्पादित परियोजनाओं में से अधिकांश ऊर्जा मानकों के अनुरूप है, इनमें व्यवहृत सभी उपस्कर ऊर्जा क्षम है।

12.7.1.4 आपकी कंपनी समुदाय और इसके चतुर्दिक रहने वाले लोगों के लिए पर्यावरण हितैषी है। प्रासंगिक कानूनों के किसी अनुपालन हेतु प्राधिकारी या विनियामकों से कोई कारण बताओ या नोटिस प्राप्त नही हुई थी।

12.7.2 तकनीकी उपयोग

12.7.2.1 वित्तीय वर्ष 2019-20 की शुरुआत से विगत तीन वर्षों के दौरान कोई आयातित तकनीक कंपनी द्वारा आयातित नहीं की गई थी।

12.7.2.2 नई प्रोद्योगिकी और उत्पाद के बारे में जागरूकता उसके उपयोग के लिए वरिष्ठ प्रबंधन को बताया जा रहा है। नई और अभिनव प्रोद्योगिकी पर प्रजेन्टेशन दिए जा रहे हैं। विभिन्न कारकों के कारण पारंपरिक प्रकृति के कार्य, लागत और आकार बाधा आदि अनुसंधान व विकास कार्यकलाप जैस कार्य वर्तमान में कंपनी द्वारा नही लिए जा रहे है।

12.7.3 विदेशी मुद्रा आय एवं निर्गम

12.7.3.1 समीक्षाधीन अवधि के दौरान कोई भी विदेशी मुद्रा आय व निर्गम नहीं हुआ था।

12 कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन यथा विनिर्धारित प्रकटीकरण, समीक्षाधीन अवधि हेतु अप्रयोज्य

क्रम सं	ब्यौरे	मंतव्य
1)	सामग्री परिवर्तन और वचनबद्धताएं, अगर कोई, जो कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत के मध्य घटित हुई हैं जिससे वित्तीय विवरण व रिपोर्ट की तिथि संबद्ध है।	शून्य
2)	बोर्ड के अपने कार्य प्रदर्शन तथा उसकी समितियों और व्यक्तिशः निदेशकों को दर्शाने वाला एक बयान	**अप्रयोज्य** बीबीजे एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है जिसमें सरकार का 100 प्रतिशत शेयर धारण है। इसके अलावा निर्दिष्ठ सरकारी कंपनियों को दी गई छूट के कारण ये प्रावधान बीबीजे पर लागू नहीं होता है।
3)	निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक कंपनी की नीति	**अप्रयोज्य** बीबीजे एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है जिसमे सरकार का 100 प्रतिशत शेयर धारण है। इसके अलावा निर्दिष्ठ सरकारी कंपनियों को दी गई छूट के कारण ये प्रावधान बीबीजे पर लागू नहीं होता है।
4)	वर्ष के दौरान कंपनी की पूंजीगत संरचना में कोई परिवर्तन	शून्य
5)	शेयरों या अन्य परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का जारी	शून्य
6)	कर्मचारी स्टॉक विकल्प या स्वेट इक्विटी शेयर जारी	शून्य
7)	डिबेंडर बॉण्ड या अन्य अपरिवर्तनीय प्रतिभूतियों का जारी	शून्य
8)	वारंट जारी	शून्य
9)	जमा विवरण	शून्य
10)	निवेशक शिक्षा संरक्षण कोष (आईईपीएफ)	विगत सात वर्षों में इस संबंध में कोई अप्रदत्त लाभांश नहीं है।
11)	व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन; अगर कोई	शून्य
12)	वर्ष के दौरान कंपनियों के नाम जिनको अपनी सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम या संबंद्ध कंपनी होने से रोका गया है; या हुई हो	शून्य
13)	जमा राशि का विवरण जो अधिनियम के अध्याय V के अंतर्गत आता है	शून्य
14)	जमा राशि का विवरण जो अधिनियम के अध्याय V की आवश्यकताओं कें अनुपालन में नहीं है	शून्य
15)	विनियामक या अदालतों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण और भौतिक आदेश का विवरण जो भविष्य में कंपनी के प्रचालन और चिंता की स्थिति को प्रभावित करते हैं।	शून्य

स्वीकृति

आपके निदेशकों ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेष कर भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारतीय रेलवे, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, रेल विकास निगम लि. इरकान तथा पश्चिम बंगाल सरकार, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, तथा अन्य बैंकों को उनके निरंतर समर्थन, सहयोग व मूल्यवान सहायता के लिए अपनी कृतज्ञता और ईमानदारी से धन्यवाद ज्ञापित करने की इच्छा व्यक्त की है।

आपके निदेशक आपकी कंपनी के प्रर्दशन को बेहतर बनाने में सभी कर्मचारियों के सहयोग और प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हैं। उनका लगातार समर्थन प्राप्त होता रहा है तथा आपकी कंपनी की चल रही सफलता और राष्ट्रीय स्तर पर ब्रिज निर्माण उद्योग में इसके प्रमुख स्थान को बनाए रखने में निरंतर तत्पर रहेगा।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(सुंदर बनर्जी)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 06862063

दिनांक: 17 अक्तूबर, 2020
कोलकाता

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक

निगमित अभिशासन पर प्रतिवेदन

यह प्रतिवेदन भारत सरकार, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई केंद्रीय सार्वजनकि क्षेत्र के उद्यमों के निमित्त निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों केअनुसार है ।

<table>
<tr><td>निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों पर कंपनी का दर्शन</td><td colspan="3">कंपनी के दृष्टिकोण से निगमित अभिशासन का लक्ष्य शेयरधारकों के दीर्घकालीन शेयर मूल्य और कंपनी की संपत्ति पैदा करने की क्षमता को निम्नलिखित कार्यों के जरिए बढ़ाना :

● वरिष्ठ प्रबंधन को विवेकशील व्यवसायिक निर्णय एवं दूरदर्शी वित्तीय प्रबंधन ग्रहण करने में सहायता करना
● कंपनी के सभी निर्णयों और कार्यों में पारदर्शिता और पेशेवर गुणों को प्राप्त करना
● प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन
● निगमित अभिशासन में श्रेष्ठता निम्ल के जरिए प्राप्त करना :-
1. निगमित अभिशासन पर प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुरूप, जहां संभव है उत्कृष्ट बनाना
2. व्यवसाय संचालन को उच्च नैतिक मानक पर स्थापित करके कानून एवं नियमों का पालन करना
3. वर्तमान प्रणाली की आवधिक समीक्षा और नियंत्रण करते हुए उसका सुधार करना</td></tr>
<tr><td>निदेशक मंडल</td><td colspan="3">कंपनी के निदेशक मंडल में सभी निदेशकों को भारत सरकार, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा भारत के राष्ट्रपति जी की ओर से नियुक्त किया जाता है।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल का विवरण नीचे दिया गया है :</td></tr>
<tr><td>निदेशक मंडल का गठन</td><td colspan="3"><table>
<tr><th>निदेशकों के डीआईएन</th><th>नाम</th><th>श्रेणी</th></tr>
<tr><td>6862063</td><td>श्री सुंदर बनर्जी</td><td>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक – कार्यात्मक निदेशक</td></tr>
<tr><td>2616837</td><td>श्री रितेद्र कुमार मित्रा</td><td>निदेशक (वित्त) – कार्यात्मक निदेशक</td></tr>
<tr><td>8043768</td><td>श्री सुनील कुमार सिंह, आईआरएसएस</td><td>निदेशक – भारी उद्योग विभाग (सरकारी नॉमिनी निदेशक)</td></tr>
<tr><td>08432581</td><td>श्री अर्नब चटर्जी (भाउवि के सरकारी आदेश की शर्तों के अनुसार 24.04.2019 से प्रभावी श्री अर्नब चटर्जी की नियुक्ति की गई थी ।)</td><td>निदेशक (तकनीकी) – कार्यात्मक निदेशक</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

	07047271	श्रीमती बेला बनर्जी, आईआरएएस (रिटा.) (भाउवि के सरकारी आदेश की शर्तों के अनुसार कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यकाल 02.06.2019 तक बरकरार रहा)	अंश कालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)
	07578870	श्री तापस कुमार चटर्जी (भाउवि के सरकारी आदेश की शर्तों के अनुसार कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यकाल 02.06.2019 तक बरकरार रहा)	अंश कालिक गैर सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)

31 मार्च, 2020 के बाद निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं :

1	श्री रितेद्र कुमार मित्रा (डीआईएन-2616837) भारी उद्योग विभाग (भाउवि) के आदेश संदर्भ सं.12(08)/2016-पीई-III, दिनांक 29.09.2017 की शर्तों के अनुसार 30.6.2020 को सेवानिवृत्त हो जाने पर दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया।
2	श्री मुकेश कुमार (डीआईएन-08778135) भारी उद्योग विभाग (भाउवि) के आदेश संदर्भ सं.12(05)/2018-पीई-III, दिनांक 26.05.2020 की शर्तों के अनुसार 01.7.2020 से प्रभावी दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के तौर पर पदभार ग्रहण किया।

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि श्रीमती बेला बनर्जी तथा श्री तापस चटर्जी के कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों के तौर पर न रहने की वजह से कंपनी के निदेशक मंडल में दो अंश कालिक गैर सरकारी निदेशकों के रिक्त स्थान भरे जाने के लिए भारी उद्योग विभाग से सरकारी आदेश की प्रतीक्षा है।

आयोजित बैठकें (निदेशक मंडल एवं लेखा परीक्षा समिति)

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान आयोजित निदेशक मंडल की बैठकें	बैठक संख्या तथा बैठक की तारीख	निदेशकों / सदस्यों की उपस्थिति
	144 वीं बोर्ड बैठक - 28.06.2019 को	सभी उपस्थित
	145 वीं बोर्ड बैठक - 30.08.2019 को	सभी उपस्थित
	146 वीं बोर्ड बैठक - 30.09.2019 को	सभी उपस्थित
	147 वीं बोर्ड बैठक - 30.12.2019 को	सभी उपस्थित

	निदेशक मंडल की 148 वीं बैठक का आयोजन मार्च, 2020 तक करना था। फिर, लो.उ.वि. द्वारा जारी का.ज्ञा. सं. एफ सं. 3(2)/2016-एमजीएमटी, दिनांक 24 अप्रैल, 2020 की शर्तों के अनुसार निदेशक मंडल की दो लगातार बैठकों के मध्य अंतर को वर्तमान 120 दिनों के बदले 180 दिनों, दो तिमाहियों यानी 30 सितम्बर, 2020 तक बढ़ा दिया गया । तदनुसार विगत बोर्ड बैठक, 30.12.2019 को आयोजित 147 वीं बोर्ड बैठक से 180 दिनों की विस्तारित अवधि के अंदर 20.06.2020 को 148 वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई।	
वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान आयोजित लेखा परीक्षा समिति की बैठकें	52 वां बैठक - 30.08.2019 को	सभी उपस्थित
	53 वां बैठक - 30.09.2019 को	सभी उपस्थित
	54 वां बैठक - 30.12.2019 को	सभी उपस्थित
	भाउवि द्वारा जारी सरकारी आदेश की शर्तों के मुताबिक श्रीमती बेला बनर्जी एवं श्री तापस कुमार चटर्जी 02.06.2019 तक कंपनी के स्वतंत्र निदेशक बने रहें। स्वतंत्र निदेशकों की अवधि की समाप्ति पर, तीन समितियां यथा – लेखा परीक्षा समिति, सीएसआर समिति, पारिश्रमिक समिति को भाउवि द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने तक तदर्थ आधार पर 09 अगस्त, 2019 से प्रभावी इस उद्धेश्य पुनर्गठित की गयी कि मध्यवर्ती अवधि के दौरान यथापेक्षित निदेशक मंडल की स्वीकृति हेतु सिफारिश करने का अत्यावश्यक/ महत्वपूर्ण निर्णय ले सके । सरकारी नॉमिनी निदेशक इन सभी समितियों के अध्यक्ष होते हैं एवं अन्य दो सदस्य बीबीजे के निदेशक (वित्त) और निदेशक (तकनीकी) होते हैं। उपर्युक्त कारणों से 01 अप्रैल, 2019 से 09 अगस्त, 2019 तक की अवधि के दौरान किसी भी समिति की बैठक आयोजित नहीं हुई है। लो.उ.वि. के का.ज्ञा. सं. एफ सं. 3(2)/2016-एमजीएमटी, दिनांक 24 अप्रैल, 2020 द्वारा जारी छूट की शर्तों के अनुसार निदेशक मंडल की दो लगातार बैठकों के मध्य अंतर को वर्तमान 120 दिनों के बदले 180 दिनों तक विस्तारित कर दी है यानी दो तिमाहयों, 30 सितंबर, 2020 तक। तदनुसार विगत बोर्ड बैठक, के 180 दिनों की विस्तारित अवधि के बाद 147 वीं बोर्ड बैठक जो 30.12.2019 को आयोजित की गयी थी, उसके बाद 148 वीं बोर्ड बैठक 20.6.2020 को आयोजित की गयी । तदनुसार, 55वां लेखा परीक्षा समिति की बैठक 20.6.2020 को आयोजित की गयी, यानी 180 दिनों के विस्तारित अवधि के अंदर।	

लेखा परीक्षा समिति

भूमिका और विचारार्थ विषय :

- सार्वजनिक उद्यमों पर निगमित अभिशासन के दिशा-निर्देशों के पैरा 4.2 के एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-177 के अधीन उल्लिखित विशिष्ट मामलें देखना।
- प्रबंधन, सांविधिक एवं आंतरिक लेखा परीक्षकों तथा निदेशक मंडल के मध्य संपर्क के रूप में कार्य करना।
- वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली एवं जोखिम संबंधित मामलों का आकलन करना।

गठन, बोर्ड बैठकें एवं उपस्थिति

निदेशकों के नाम	वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड बैठकों की उपस्थिति	
श्री सुंदर बनर्जी	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्री रितेंद्र कुमार मित्रा	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्री सुनील कुमार सिंह	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्री अर्नब चटर्जी	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्रीमती बेला बनर्जी, आईआरएएस	04 बैठकें आयोजित	0 में उपस्थित
श्री तापस कुमार चटर्जी	04 बैठकें आयोजित	0 में उपस्थित

गठन, लेखा परीक्षा समिति की बैठकें एवं उपस्थिति

निदेशकों के नाम	वित्तीय वर्ष 2019 – 20 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की उपस्थिति	
श्री सुंदर बनर्जी	सदस्य नहीं	लागू नहीं
श्री सुनील कुमार सिंह	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित
श्री रितेंद्र कुमार मित्रा	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित
श्री अर्नब चटर्जी	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित
श्रीमती बेला बनर्जी, आईआरएएस	0 बैठकें आयोजित	0 में उपस्थित
श्री तापस कुमार चटर्जी	0 बैठकें आयोजित	0 में उपस्थित

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की वित्तीय वर्ष 2019-20 में सभी सिफारिशें, जो अनिवार्य थे, उन्हें निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत कर ली गयी थी।

कार्यकाल पूरा हो जाने पर स्वतंत्र निदेशकों के न रहने पर भाउवि से स्वतंत्र निदेशकों का नया नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए, वि.व. 2019-20 के दौरान स्वंतत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में लेखा परीक्षा की बैठकों की अध्यक्षता सरकारी नॉमिनी निदेशक द्वारा की गयी।

स्वतंत्र निदेशकगण

सरकारी आदेशों से स्वतंत्र निदेशकों, जिन्हें संबंधित क्षेत्र/ पेशे में विशेषशज्ञता प्राप्त है, की नियुक्ति की जाती है। स्वतंत्र निदेशकों का प्रोमोटरों से न संपर्क है और न ही संबंध है और कंपनी से किसी आर्थिक संबंध भी नहीं है तथा आगे कंपनी की कुल मत देने की क्षमता से दो प्रतिशत या अधिक धारित नहीं करती है।

स्वतंत्र निदेशक से इस आशय की घोषणा हासिल की जाती है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अधीन यथापेक्षित स्वतंत्र निदेशक की विशिष्टता पूर्ण करते हैं, जिसे संबंधित अवधि

<table>
<tr><td>स्वतंत्र निदेशकगण</td><td>यानी 02.06.2019 तक वे कंपनी में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर बने रहे हैं, के लिए प्राप्त कर लिया गया है।

स्वतंत्र निदेशकों के लिए शुल्क की राशि निदेशक मंडल द्वारा तय किया जाता है एवं जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन विहित सीमा के अंदर है।</td></tr>
<tr><td>आचार संहिता</td><td>निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन की आचार संहिता का प्रारूप यथावर्णित, क्रियान्वित कर दी गयी है।

केंद्रीय लोक उपक्रमों 2010 के लिए निगमित अभिशासन पर लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई दिशानिर्देशों के खंड 3.4.2 की शर्तों के अनुसार अध्यक्ष एवं प्र. नि. द्वारा इस आशय की घोषणा कि निदेशक मंडल के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए वार्षिक आधार पर कोड के अनुपालन की पुष्टि की है जिसे निदेशकों के प्रतिवेदन के अधीन दी गई है।</td></tr>
<tr><td>साधारण निकाय की बैठक

पिछले तीन वर्षों की वार्षिक साधारण बैठकों (वा.सा.वै.) की विवरणी</td><td>
<table>
<tr><th>वित्तीय वर्ष</th><th>बैठक संख्या एवं तारीख</th><th>समय एवं स्थान</th><th>विशेष संकल्प</th></tr>
<tr><td>2016-2017</td><td>31वीं वा.सा.वै.
15 दिसंबर, 2017</td><td>12:.30 बजे, एच एच आई,
234/1, एजेसी बोस रोड,
कोलकाता-700020</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>2017-2018</td><td>32वीं वा.सा.वै.
25 सितंबर, 2018</td><td>15:.00 बजे, एच एच आई,
234/1, एजे सी बोस रोड,
कोलकाता-700020</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>2018-2019</td><td>33वीं वा.सा.वै.
30 सितंबर, 2019</td><td>15:00 बजे, एच एच आई,
234/1, एजेसी बोस रोड,
कोलकाता-700020</td><td>शून्य</td></tr>
</table>

कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन कंपनी रजिस्ट्रार से 30 सितम्बर, 2017 के बाद संबंधित वर्षों के लिए 31वीं वा.सा.वै.के आयोजन हेतु एक्सटेंशन के लिए उचित रूप से अनुमोदन लिया गया। 32वीं और 33 वीं वा.सा.वै. सितम्बर माह में , यानी वित्तीय वर्ष की समाप्ति से, कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन विहीत समय के अंदर आयोजित हुयी थी।</td></tr>
<tr><td>वार्षिक साधारण बैठक – 2020</td><td>कंपनी के सदस्यों की 34 वीं वार्षिक साधारण बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित अवधि में आयोजन करना है। केन्द्र और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लॉकडाउन आदेश जारी करने के कारण वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु वार्षिक लेखा को अंतिम वप देने में विलंब हुआ। वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु वार्षिक लेखा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी के साथ है।

कंपनी रजिस्ट्रार, कोलकाता के पास निहित शक्ति के अनुसार 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वा. सा. वै. नियत तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए सामान्य विस्तार मंजूर किया गया है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 96(1) के अनुरुप होना चाहिए था। अतएवं, वा. सा. वै. अब 30.09.2020 के अंदर आयोजित हो सकती है, जिसके लिए आरओसी के पास वा. सा. वै. के आयोजन को बढ़ाने के लिए आवेदन करने की आवश्यक्ता नहीं है।</td></tr>
</table>

अन्य प्रकटीकरण	निदेशकों या उनके सगे संबंधियों के साथ लेन-देन जिसमें कंपनी के स्वार्थ में विवाद की संभावना है।	शून्य
	संबद्ध पार्टी से लेन-देन करना।	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लेखा के साथ संलग्न द्रष्टव्य में बतायी गयी है।
	कंपनी की तरफ से अनुपालन न करना या इसके ऊपर लगाए गए प्रतिबंधों	शून्य
	व्हिसिल ब्लोअर नीति एवं पुष्टि की किसी भी कार्मिक को लेखा परीक्षा समिति तक पहुँचने में बाधा नहीं दी गयी है।	यह पुष्टि की जाती है कि किसी को भी लेखा परीक्षा समिति तक पहुँचने से रोका नहीं गया है।
	इन दिशानिर्देशों के अनुपालन करने की आवश्यकताओं के विवरण	भाउवि द्वारा सरकारी आदेश से श्रीमती बेला बनर्जी, आईआरएस (सेवानि.), पूर्व सदस्य (तक.) , रेलवे क्लेम ट्राईब्यूनल एवं श्री तापस चटर्जी, अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय, कलकता को 03.06.2016 से 02.06.2019 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों के रूप में नियुक्ति की गयी थी। तीन वर्षों का कार्यकाल समाप्त हो जाने पर श्रीमती बेला बनर्जी एवं श्री तापस चटर्जी कंपनी के स्वतंत्र निदेशक नहीं रहें। इस समय 02.06.2019 के बाद स्वतंत्र निदेशकों का स्थान रिक्त है । भाउवि से नये स्व.नि. की नियुक्ति आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है।
	इस साल और पिछले तीन सालों के दौरान केंद्रीय सरकार द्वारा जारी की गयी राष्ट्रपति के निदेशों का विवरण और उसका अनुपालन।	अनुपालन के लिए कोई निर्देश लंबित नहीं है।
	लेखों में दिखाई गई खर्चे की मदें जो व्यवसाय के लिए नहीं थे।	शून्य
	निदेशक मंडल और शीर्षस्थ प्रबंधन के व्यक्तिगत खर्च के लिए किया गया व्यय।	शून्य

संप्रेषण के साधन	● अनलिस्टेट सरकारी कंपनी होने से त्रैमासिक नतीजा किसी भी अखबार में प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं है। ● कंपनी की वेबसाइट पर वार्षिक लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम दिखाये गये हैं। पत्राचार का पता – **दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड,** 27, राजेन्द्र नाथ मुखर्जी रोड, कोलकाता-700 001 वेबसाइट : www.bbjconst.com ई-मेल : info@bbjconst.com दूरभाष : 91 33 2248 5841-44 (ईपीबीएक्स) 91 33 2210 3961 (फैक्स)
लेखा परीक्षा के क्वालिफिकेशन्स	कंपनी का प्रयास है कि अनक्वालिफाईड वित्तीय विवरणों की दिशा में कंपनी कदम उठाये। कोई क्वालिफाईड होने पर उसके समर्थन में पर्याप्त व्याख्या दी गयी है, अन्यथा प्रबंधन के उत्तर के जरिये क्वालिफिकेशन को समर्थन दिया गया है। 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए लेखे पर लेखा परीक्षा के अनुसार क्वालिफिकेशन संलग्न है।
प्रशिक्षण	बोर्ड द्वारा निदेशक मंडल के सदस्यों को प्रशिक्षण के लिए नीति अनुमोदित की गयी है और कंपनी द्वारा इसका अनुसरण किया जाता है।
निगमित अभिशासन लेखा परीक्षा	निगमित अभिशासन पर सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है तथा निदेशकों के प्रतिवेदन के साथ संलग्न किया गया है।

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक

कॉरपोरेट गवर्नेंश पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र

सेवा में
सदस्यगण,
दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
27, आर.एन. मुखर्जी रोड,
कोलकाता-700001

हमने भारत सरकार, भारी एवं लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग एवं उसके अनुलग्नकों (यहां तत्पश्चात "मार्गनिर्देशों" के रूप में संदर्भित) द्वारा जारी किए गए केंद्रीय लोक उद्यमों (सीपीएसई) 2010 के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंश पर दिशानिर्देशों के खंड 8.2.1 में बताये अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी " के रूप में संदर्भित) द्वारा कॉरपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन की शर्तों की जांच की है।

कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी जांच, कंपनी द्वारा स्वीकृत किए गए दिशा-निर्देशों में बताएं कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन सुनिश्चित करने के तरीके की पुनरीक्षा एवं उसके कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह ना तो लेखा परीक्षा है और ना ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर विचार की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में एवं हमारी जानकारी एवं हमें दी गई स्पष्टीकरणों के मुताबिक, हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने विहित दिशानिर्देशों का वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कॉरपोरेट गवर्नेंस शर्तों का अनुपालन की है।

हमें आगे यह कहना है कि ऐसा अनुपालन कंपनी की भविष्य की जीवनक्षम के बारे में न कोई आश्वासन है, न ही कंपनी के मामलों में प्रबंधन द्वारा संचालित कार्यक्षमता या प्रभावोत्पादकता है।

कृते एआरएसके एसोसिएट
सनदी लेखाकार
पंजीकरण संख्या 315082ई

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 09.09.2020

एस के माहेश्वरी
भागीदार
(सदस्य संख्या 054049)

निदेशकों की रिपोर्ट का संलग्नक

बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल होने वाले सीएसआर क्रियाकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट

क्रम सं.	ब्यौरे	अभ्युक्तियां
1	कंपनी की सीएसआर नीति की एक रूपरेखा जिसमें शामिल किये जाने वाले प्रस्तावित परियोजनाओं या कार्यक्रमों के अवलोकन और सीएसआर नीति और परियोजना या कार्यक्रम के लिए वेबलिंक का संदर्भ शामिल है।	कंपनी की दृष्टि के अनुरूप, बीबीजे ने अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों को संबोधित करने हुए सितंबर, 2012 को आयोजित बोर्ड मीटिंग में सीएसआर नीति का अनुमोदन किया जिसमें निम्नलिखित शामिल थे : • सीएसआर परियोजना की योजना • बेस लाइन सर्वेक्षण • क्रियान्वयन प्रक्रिया • कार्यपालक अभिकरण हेतु निधियन, प्रबोधन और योग्यता मानदण्ड, • स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता व जन स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में. डीएचआई, 2013 के दिशानिर्देश तथा उसके बाद कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 का कड़ाई से पालन किया जाता है।
2	सीएसआर समिति का गठन	श्री सुनील कुमार सिंह, सरकार नामित निदेशक-अध्यक्ष श्री रीतेन्द्र कुमार मित्रा, निदेशक (वित्त) – सदस्य श्री अर्नब चटर्जी, निदेशक (तकनीकी)- सदस्य
3	विगत तीन वित्तीय वर्षों में कंपनी का औसत शुद्ध लाभ	*नीचे बिन्दु 4 के मद्देनजर प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।
4	वि.व. 2019-20 के लिए सीएसआर निधि	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(1) के क्षेत्र के अंदर कंपनी नहीं आती है, क्योंकि कंपनी का शुद्ध लाभ तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष यानी 2018- 19 में 5.00 करोड़ रु. से नीचे था।
5	सीएसआर निधि वि.व. 2018-19 से अग्रेनीत सीएसआर निधि	रु. 42.28 लाख
6	वित्त वर्ष के दौरान खर्च किए गए सीएसआर का विवरण: i वित्तीय वर्ष हेतु व्यय की गयी कुल राशि; ii अव्ययित राशि, अगर कोई iii वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि पद्धति जिसका विवरण नीचे 'सीएसआर क्रियाकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट' अनुबंध में विस्तृत रूप से दिया गया है।	I रु.42.28 लाख ii. रु.28.87 लाख iii. रु.13.41 लाख

* वि.व. 2019-20 के लिए सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट नीचे संलग्न किया जाता है।

6. यदि कंपनी पिछले तीन वित्तीय वर्ष या उसके कोई हिस्से के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है तो अपने बोर्ड रिपोर्ट में राशि खर्च न किये जाने का कारण।

उत्तर : लागू नहीं। कंपनी वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु अग्रेनीत पूरी राशि उपयोग कर ली है और चूंकि कंपनी का वि.व. 2018-19 में शुद्ध लाभ 5.00 करोड़ रु. से कम है, अत: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(1) के क्षेत्र के अंदर कंपनी नहीं आती है।

7.यह एतद् द्वारा सम्पुष्ट किया जाता है कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और प्रबोधन कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों तथा नीति के अनुपालन में है:

सुन्दर बनर्जी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक	श्री सुनील कुमार सिंह, सरकारी नामिनी निदेशक (अध्यक्ष, सीएसआर समिति)

सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट हेतु अनुलग्नक

क्रं सं	सीएसआर परियोजना या गतिविधि की पहचान की गई	वह क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं या कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) उस राज्य और जिले को निर्दिष्ट करें जहां परियोजनाएं या कार्यक्रम किए गए थे	राशि (वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए खर्च नहीं की गई राशि समेत संचयी राशि)	परियोजना या कार्यक्रमों पर खर्च की गई राशि उप-शीर्ष: (1) परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय (2) ऊपरी:	प्रतिवेदनाधीन अवधि तक संचयी व्यय (प्रशासनिक व्यय समेत)	व्ययित राशि : प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से *
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	स्कूलों को प्रमुख वस्तुओं की आपूर्ति i)रताकांडी एमवी स्कूल ii)407 वियाला लोअर प्राइमरी स्कूल iii)नताई राम एलपी स्कूल	शिक्षा	हैलाकांडी जिला, असम	i) रु.1.86 लाख ii)रु. 2.17 लाख iii)रु. 1.34 लाख	i)रु. 1.86 लाख ii)रु. 2.17 लाख iii)रु.1.34 लाख	रु. 5.37 लाख	एनजीओ लाइफ फाउंडेशन, होजई, असम
2.	स्वास्थ्य शिविर	स्वास्थ्य	हैलाकांडी जिला, असम	रु. 3.98 लाख	रु.3.98 लाख	रु. 3.98 लाख	एनजीओ लाइफ फाउंडेशन, होजई, असम
3.	सीएसआर प्रशिक्षण	कौशल विकास	हैलाकांडी जिला, असम	रु. 3.00 लाख	रु. 3.00 लाख*	रु. 3.00 लाख	एनजीओ लाइफ फाउंडेशन, होजई, असम
4.	प्रशासनिक व्यय			रु. 1.06 लाख		रु.1.06 लाख	
5.	बगैर खर्च की राशि			28.87 लाख ##			
	कुल			रु. 42.28 लाख	रु. 13.41 लाख	रु. 13.41 लाख	

वित्त वर्ष 2019-20 के बाद सीएसआर खर्च के लिए 28.87 लाख रुपये की शेष राशि को अग्रेनीत किया जाना है।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन

सेवा में

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के सदस्यगण

एकल भारतीय लेखांकन मानकों वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर प्रतिवेदन

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा किए गए अवलोकनों के आधार पर, यह संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के अवलोकनों के अनुपालन हेतु 30 अगस्त, 2020 की पूर्ववर्ती रिपोर्ट के बदले में तैयार की गई है।

योग्य राय :

हमने **दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** ("कंपनी") के संलग्न एकल भारतीय लेखांकन मानकों वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है तथा जिसमें 31 मार्च, 2020 को तुलन-पत्र, लाभ और हानि का विवरण (अन्य विस्तृत आय समेत), इक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा नकद प्रवाह विवरण उसी तारीख को समाप्त वर्ष हेतु महत्वपूर्ण लेखा नीतियॉं व अन्य व्याख्यात्मक सूचना का सारांश शामिल हैं।

हमारी राय तथा हमारी बेहतर जानकारी एवं हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013, ("अधिनियम") द्वारा जिस रूप में अपेक्षित हो, अपेक्षित सूचना प्रदान करते हैं तथा भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप मार्च 31, 2020 को स्थित कंपनी के मामलों की स्थिति तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष हेतु इसका लाभ एवं नकद प्रवाह का सच्चा व निष्पक्ष विचार प्रदान करता है।

योग्य राय हेतु आधार :

1. कंपनी की एक सहायक कंपनी भारत प्रोसेस एण्ड मेकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड ('बीपीएमईएल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा किये गये 486.30 लाख रु.(विगत वर्ष 486.30 लाख रु.) के निवेश के बारे में टिप्पणी संख्या 4 और 5932.96 लाख रु.(विगत वर्ष 5932.96 लाख रु.) ऋण के बारे में टिप्पणी संख्या 6 एवं उस पर प्राप्य / उपचित ब्याज की राशि है। यद्यपि बीपीएमईएल परिसमापन के अधीन है लेकिन प्रबंधन के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसे निवेश ऋण और कथित ब्याज पर प्राप्य / उपचित ब्याज को लागत पर लिया गया है। तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी तथा ऋणों और यथा पूर्व कथित प्राप्य / उपचित ब्याज हेतु हानि भत्ता हेतु कोई मूल्यांकन एवं तत्पश्चात प्रावधान 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है।

2. जेसप एण्ड कंपनी लिमिटेड ('जेसीएल') में प्रतिवेदन तिथि को कंपनी द्वारा किए गए 25558.01 लाख रु. (विगत वर्ष 25558.01 लाख रु.) के निवेश के संबंध में टिप्पणी संख्या 4 है। यद्यपि जेसीएल परिसमापन के अधीन है लेकिन प्रबंधन के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित है एवं ऐसे निवेश को लागत पर लिया गया है। तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी हेतु कोई प्रावधान 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है।

3. कंपनी का एक संयुक्त उद्यम, भागीरथी ब्रिज कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ('बीबीसीसीएल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा किये गये 0.30 लाख रु. (विगत वर्ष 0.30 लाख रु.) के निवेश के संबंध में टिप्पणी सं. 4 है। कंपनी के प्रबंधन द्वारा आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसे निवेश को लागत पर लिया गया है तथा निवेशों के मूल्य में कमी के लिए कोई प्रावधान 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है।

4. कंपनी की सहायक कंपनी की एक सहायिका, वेबर्ड इंडिया लिमिटेड ('डब्ल्यू आई एल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा किए गए 656.03 लाख रु. (विगत वर्ष 656.03 लाख रु.) एवं उस पर प्राप्य / उपचित ब्याज 350.26 लाख रु. (विगत वर्ष 350.26 लाख रु.) के संबंध में टिप्पणी संख्या 6 है। यद्यपि बीपीएमईएल परिसमापन के अधीन है, कंपनी के प्रबंधन द्वारा आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसे निवेश को लागत पर लिया गया है। तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी तथा उपचित ब्याज हेतु कोई हानि भत्ता 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है।

5. कंपनी की पूर्ववती सहायक कंपनी, भारत वैगन एण्ड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ('बीडब्ल्यूईएल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा 207.25 लाख रु. (विगत वर्ष 207.25 लाख रु.) के ऋण के संबंध में टिप्पणी संख्या 6 है। कंपनी के प्रबंधन के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसा ऋण लागत पर लिया गया है। तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी तथा उपचित ब्याज हेतु कोई हानि भत्ता 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है।

   अगर उपर्युक्त अनुच्छेद 1, 2, 3, 4 एवं 5 में संदर्भित 1 अप्रैल 2016 को (भारतीय लेखा पद्धति) अथशेष को यथा विद्यमान कमी और हानि भत्ते को एकल वित्तीय विवरणों में विचार किया जाता तो 1 अप्रैल 2016 को अन्य इक्विटी का खुलना 13,229 लाख रु. के प्रतिवेदित आंकड़े के प्रति 30,617 लाख रु. नकारात्मक आंकड़ा होता और प्रतिवेदन की तारीख को अन्य इक्विटी 9681.52 लाख के प्रतिवेदित आंकड़े विरूद्ध 53,529.01 लाख रु. नकारात्मक आंकड़ा होता और निवेश व अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां क्रम से 3154.61 लाख रु. एवं 45437.63 लाख रु. प्रतिवेदित आंकड़े के विरूद्ध 110 लाख रु. एवं 4634.84 लाख रु. होते।

6. 69.41 लाख रु. की आनुतोषिक राशि के प्रावधान के बारे में टिप्पणी संख्या 33 भारतीय लेखांकन मानक 19 के अधीन यथापेक्षित बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर नहीं है। बीमांकिक रिपोर्टों के न रहने से, हम वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव की मात्रा बताने में असमर्थ हैं।

7. प्रचलित कानूनों के अधीन बिना अनुपालन के भारत सरकार को जेसप एण्ड कंपनी लिमिटेड (जेसप) के 6,81,34,428 इक्विटी शेयर विक्रय से प्राप्त 1818 लाख रु. की बिक्री आय के स्थानांतरण के संबंध में टिप्पणी संख्या 42 है। हम नतीजतन समयोजन पर मंतव्य करने में सक्षम नहीं हैं, जिसकी आवश्यकता उपर्युक्त मामले के संबंध में वित्तीय विवरण में अपेक्षित है।

8. टिप्पणी संख्या 48, कंपनी उनकी गैर-वसूली योग्यता को ध्यान में रखते हुए भारत प्रोसेस एण्ड मेकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड ('बीपीएमईएल') एवं वेबर्ड इंडिया लिमिटेड ('डब्ल्यूआईएल') द्वितीय स्तरीय सहायक कंपनी ('सहायिकाएं') को प्रदत्त 6,588.99 लाख रुपये के ऋण पर उपचित ब्याज का लेखांकन नहीं की है क्योंकि उपर्युक्त सहायक कंपनियां परिसमापन के अधीन हैं एवं कंपनी की पूर्व सहायक कंपनी,भारत वैगन एण्ड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड का ऋण 207.25 लाख रुपये है।

   आगे, कंपनी ने भारत सरकार से लिये गये 6588 .99 लाख रुपये ऋण पर भुगतेय ब्याज नहीं दिया है जिसका उपयोग कंपनी की उपर्युक्त कंपनियों को ऋण मंजूर करने के लिए किया गया है। यदि ऐसे ऋणों पर देय ब्याज चालू वित्तीय वर्ष के लिए वित्त लागत हेतु दिया जाता तो 2160.61 लाख रुपये (विगत वर्ष 2158.30 लाख रुपये) अधिक होते और भारत सरकार को देय राशि, कुल ब्याज लेकर 50290.73 लाख रुपये अधिक होती, जिसे प्रतिवेदन की तिथि तक नहीं दी गयी है। तदनुसार, चालू वित्तीय वर्ष के लिए लाभ 2160.61 लाख रुपये कम होते (विगत वर्ष 2158.30 लाख रुपये) एवं उस पर ब्याज लेकर भारत सरकार को देय राशि 50290.73 रुपये अधिक होती।

9. आयकर विभाग के अधिकारिक पोर्टल पर दिये 19.33 लाख रुपये की निर्विरोध आयकर मांग के बारे में टिप्पणी संख्या 49, जिसके खंडन के लिए कंपनी उपयुक्त दस्तावेज या सबूत पेश नहीं कर पाई है। कथित देयता सत्यापित नहीं है और इसे लेखांकन कन्वेंशन के मुताबिक दिया जाना चाहिए था। अगर उक्त देयता दिया जाता तो वर्ष के लिए लाभ 19.33 लाख रुपये कम होती एवं आयकर के लिए देयता उस राशि के समान अधिक होती।

10. मालसूचियां के बारे में टिप्पणी संख्या 50 में कच्चे माल के अधीन 62.47 लाख रु. की पुराने और अनुपयोगी स्टॉक, भंडार पुर्जों एवं संघटकों के अधीन 2.78 लाख रु., जो 7 वर्षों से अधिक समय से पडे हुए हैं और खुले औजारों के अधीन 8.18 लाख रु. जो 9 वर्षों से अधिक समय से पडे हुए हैं, जिसके लिए बही खाते में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। वित्तीय विवरण पर जिसका प्रभाव निश्चेय योग्य एवं परिमाणात्मक नहीं हैं।

11. 55.38 लाख रु. की उगाही योग्य कुल व्यय के बारे में टिप्पणी संख्या 51, जो 01/04/2011 के पहले से बकाया है और मिलान के अध्ययीन हैं। हम उपरोक्त राशि की उगाही पर मंतव्य देने में असमर्थ हैं एवं जिसके लिए खाते में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

12. सहायक कंपनियों से प्राप्य राशि समेत विभिन्न पार्टियों की ओर से प्राप्य वित्तीय विवरण राशि की टिप्पणी संख्या 52 में यथा प्रकटीकृत पुष्टिकरण और मिलान के अध्ययीन हैं। कंपनी द्वारा इन शेष के बारे में थर्ड पार्टी पुष्टिकरण हासिल नहीं की गयी है। इस प्रकार की पुष्टिकरण तथा मिलान के लंबित रहने से, वित्तीय विवरण पर उसका प्रभाव निश्चय योग्य एवं परिमाणात्मक नहीं हैं।

13. 0.30 लाख रु. (विगत वर्ष 0.30 लाख रु.) की राशि भागीरथी ब्रिज कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड में 300 इक्विटी शेयर में निवेश हेतु शेयर प्रमाण-पत्र एवं 0.16 लाख रु. (विगत वर्ष 0.16 लाख रु.) की राशि ईस्ट इंडिया क्लिनिक लिमिटेड में 5% गैर रिडीम योग्य पंजीकृत डिवेंचर में निवेश हेतु प्रासंगिक दस्तावेज हमें भौतिक सत्यापन हेतु प्राप्त नहीं हुए थे। इस प्रकार, हम इसके भौतिक अस्तित्व पर मंतव्य करने में सक्षम नहीं हैं।

14. कतिपय नकद शेष एवं बैंक शेष के बारे में टिप्पणी 53 जो संबंधित बैंकों की पुष्टि के अध्ययीन है। अगर वित्तीय विवरणों में इन शेष राशि के बारे में हानि के लिए प्रावधान किया जाता तो वर्ष के लिए 1.65 लाख रु. लाभ कम होता एवं नकद शेष 0.70 लाख रु. कम हुई होती तथा बैंकों में शेष 0.95 लाख रु. कम हुई होती।

लेखा परीक्षा अधिनियम की धारा 143(10) के अधीन विनिर्धारित लेखांकन पर मानकों (ले.मा.) के अनुरूप एकल भारतीय लेखा प्रणाली वित्तीय विवरण की हमने अपनी लेखा परीक्षा संचालित की है। उन मानकों के अधीन हमारा उत्तरदायित्व हमारे प्रतिवेदन के वित्तीय विवरण खंड की लेखा परीक्षा के लिए आगे लेखा परीक्षक के उत्तरदायित्व में बताया गया है। हम दि इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी की गई आचार संहिता के अनुरूप कंपनी से स्वंतत्र हैं,उसके साथ नैतिक आवश्यकताओं, जो अधिनियम एवं नियमों के प्रावधानों के अधीन वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं एवं हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि हमें प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य वित्तीय विवरणों पर हमारी योग्य लेखा परीक्षा राय हेतु एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त व समुचित है।

विषय का महत्व :

हम कंपनी की प्रचालन और परिसंपत्तियों पर कोविद-19 के प्रभाव का प्रबंधन के मूल्यांकन के बारे में एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी 54 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। इस मामले में हमारी राय संशोधित नहीं है।

अन्य सूचनाएँ

कंपनी के निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। अन्य सूचनाओं में वार्षिक प्रतिवेदन में दिये गये सूचनाएँ शामिल हैं परन्तु एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तथा उसपर हमारे लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन शामिल नहीं हैं।

हमारी राय एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण पर अन्य सूचनाएँ को लेकर नहीं हैं एवं हम उस पर किसी किस्म के आश्वासन के निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करते हैं।

हमारे एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण के लेखा परीक्षा के बारे में हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचनाओं के पठन से है एवं ऐसा करते हुए हम विचार करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण के बारे में ऐसी अन्य जानकारी वस्तुपरक रूप से असंगत हैं या हमें लेखा परीक्षा के समय में ऐसी जानकारी में प्राप्त हुई है या अन्यथा ऐसा प्रतीत होता है कि वस्तुपरक गलत बयानी दी गयी है। यदि हम अपने किये कार्य पर आधारित इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि अन्य जानकारी में वस्तुपरक गलत बयानी की गयी है, जिसे हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करनी थी। हमें इस बारे में कुछ प्रतिवेदन नहीं देना है।

एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों हेतु प्रबंधन का उत्तरदायित्व :

इन एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की तैयारी से संबंधित अधिनियम की धारा 134(5) में उल्लिखित विषयों हेतु कंपनी के निदेशक मंडल जिम्मेवार हैं जो अधिनियम की धारा 133 के अधीन विनिर्धारित लेखांकन मानकों समेत भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप कंपनी की एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-प्रदर्शन, इक्विटी परिवर्तन तथा नकद प्रवाह का सच्चा व स्वच्छ विचार प्रदान करता है। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु एवं धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखांकन अभिलेख अनुरक्षित करना; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन व लागू करना; निर्णयों तथा अनुमानों को तैयार करना जो युक्तिसंगत एवं विवेकपूर्ण हों; तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण; जो लेखा अभिलेखों की शुद्धता व पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से परिचालनरत थे, वित्तीय विवरणों की तैयारी व प्रस्तुतीकरण के अनुरूप धोखाधड़ी या त्रुटि से होनेवाली वस्तुपरक गलतबयानी से मुक्त एवं सत्य व उचित दृष्टि प्रदान करता हो, भी शामिल है।

प्रबंधन एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए चालू कारबार के तौर पर जारी रखने, खुलासा करने, यथा प्रयोज्य, चालू कारबार से संबंधित मामले एवं लेखांकन की चालू कारबार के आधार पर उपयोग करने, जब तक प्रबंधन कंपनी को बंद करने या प्रचालन समाप्त करने का इरादा रखती हो, या ऐसा करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प न रहने पर कंपनी की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए जिम्मेदार है।

वे निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रकिया की देखरेख हेतु भी जिम्मेदार हैं।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हेतु लेखा परीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उद्धेश्य एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के बारे में यह उचित आश्वासन हासिल करना है कि ये पूर्ण रूप से वस्तुपरक गलतबयानी से मुक्त हो, चाहे व धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, और एक ऐसा लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित आश्वासन एक उच्च स्तरीय आश्वासन है, परंतु यह गारंटी नहीं देता है कि लेखांकन मानकों के अनुरूप संचालित लेखा परीक्षा हमेशा वस्तुपरक गलतबयानी, जहां मौजूद होने पर, का पता लगाये। गलतबयानी धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण पैदा हो सकती है और भौतिक समझा जाता है यदि, व्यक्तिगत रूप से या समष्टि रूप से, वे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए उचित रूप से उम्मीद कर सके।

हम मानक लेखा के अनुसार लेखा परीक्षा के एक अंश के रूप में पेशेवर निर्णय लेते हैं तथा समूचे लेखा परीक्षा में पेशेवर संदेह को बनाए रखते हैं। :

- हम एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के जोखिमों की पहचान एवं मूल्यांकन भी करते हैं चाहे धोखाधड़ी, या त्रुटि, अभिकल्पना के कारण हो एवं उन जोखिमों के उत्तरकारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया निष्पादन करते हैं, और लेखा परीक्षा साक्ष्य हासिल करते हैं, जो हमारी राय के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त आधार प्रदान करता है। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाली वस्तुपरक गलतबयानी का पता नहीं लगाने की जोखिम धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना के तौर पर त्रुटि से होने वाली धोखाधड़ी से अधिक है।
- हम लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को परिस्थितियों के उपयुक्त बनाने के लिए लेखा परीक्षा के अनुरूप आंतरिक नियंत्रण की समझ भी हासिल करते हैं। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अधीन क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पद्धति है एवं इन नियंत्रणों के प्रचालन प्रभावोत्पादकता पर अपनी हम राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं।
- हम उपयोग में आने वाली लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और लेखांकन अनुमान के औचित्य तथा प्रबंधन द्वरा किए गए संबंधित खुलासों का भी मूल्यांकन करते हैं।
- हम लेखांकन के चालू कारबार के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर भी निष्कर्ष निकालते हैं, और हासिल किये गये लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर, क्या उन घटनाओं या स्थितियों से संबंधित वस्तुपरक अनिश्चितता विद्यमान हैं जो कंपनी की चालू कारबार की योग्यता पर महत्वपूर्ण संदेह कर सकते हैं। यदि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि वस्तुपरक अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों में संबंधित खुलासे के लिए अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की ओर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है या, यदि ऐसे खुलासे अपर्याप्त हैं, अपना विचार संशोधन हेतु। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। फिर भी, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों से कंपनी को चालू कारबार के रूप में जारी रखना बंद करना पड़ सकता है।
- हम संपूर्ण प्रस्तुति, संरचना और एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की सामग्री का मूल्यांकन करते हैं , जिसमें खुलासे भी शामिल हैं, और चाहे एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को इस तरह से दर्शाते हैं जो स्वच्छ प्रदर्शन करता हैं।

हम अन्य मामलों में, अभिशासन पर आरोप लगाने वाले से संप्रेषण करते हैं, लेखा परीक्षा की योजनाबद्ध गुंजाइश और समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा उपलब्धियों, जिनमें आंतरिक नियंत्रण में कोई महत्वपूर्ण कमी शामिल है, जिसे हम अपने लेखा परीक्षा के दौरान पहचान करते हैं।

हम उन लोगों को भी अभिशासन के साथ एक बयान देते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उनसे सभी रिश्तों और अन्य मामलों के साथ संप्रेषण करने के लिए जो हमारी स्वतंत्रता वहन करने हेतु उचित रूप से सोची जा सके, और संबंधित सुरक्षा उपाय के साथ, जहां लागू हो।

अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन --

1. अधिनियम की धारा 143 की उप धारा (11) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनियों (लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन) का आदेश ('आदेश') द्वारा अपेक्षित, हम "अनुलग्नक-क" में आदेश के 3 और 4 अनुच्छेद में विनिर्दिष्ट विषयों पर एक विवरण, जहां तक प्रयोज्य है, प्रदान करते हैं।
2. अधिनियम की धारा 143(5) के संदर्भ में हम अपनी रिपोर्ट, कंपनी की बहियों और अभिलेखों की ऐसी जांच के आधार पर जैसा कि उपयुक्त विचार किया तथा हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों, उप निर्देशों पर "अनुलग्नक-ख" में संलग्न कर रहे हैं।
3. अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा यथापेक्षित, हमारी लेखा परीक्षा पर आधारित हम प्रतिवेदन करते हैं कि :
   क) हमने जांच की और सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त किए जो हमारे बेहतर ज्ञान और विश्वास में हमारी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थे ;
   ख) हमारी राय में, विधि द्वारा यथापेक्षित लेखे की उचित बही कंपनी द्वारा रखी गयी है जहां तक कि उन बहियों की हमारी जांच से यह प्रतीत होता है ;

ग) तुलन-पत्र, लाभ और हानि का विवरण, नकद प्रवाह का विवरण एवं इस प्रतिवेदन द्वारा निपटायी गयी इक्विटी में परिवर्तनों के विवरण लेखा बहियों से मेल खाते हैं ;

घ) हमारी राय में, उपर्युक्त एकल भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के अधीन विनिर्धारित, कंपनी नियम, 2015 (भारतीय लेखांकन मानकों) के साथ पठित यथासंशोधित लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं ;

ड) निदेशक मंडल द्वारा 31 मार्च, 2020 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यादनों के आधार पर यह रिकार्ड किया गया कि अधिनियम की धारा 164 (2) की शर्तों के मुताबिक निदेशकों में से कोई भी 31 मार्च, 2020 को निदेशक के रूप में नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं।

च) कंपनी की वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता एवं इन नियंत्रणों की प्रचालगगत प्रभावशीलता के बारे में, हमारे पृथक प्रतिवेदन अनुलग्नक – ग का संदर्भ लें।

छ) कंपनियों (लेखा परीक्षा व लेखा परीक्षक) के नियमों, 2014 यथा संशोधित, के नियम 11 के अनुरूप लेखा परीक्षक रिपोर्ट में शामिल किये जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय तथा हमारी बेहतर सूचना में एवं हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार :--

i. कंपनी ने अपनी एकल वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमेबाजी के प्रभाव का खुलासा किया है – एकल वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 29 और टिप्पणी 40 का संदर्भ लें।

ii. कंपनी ने दीर्घकालिक निर्माण ठेकों में प्रवेश किया है। कंपनी ने दीर्घकालिक ठेकों के अनिष्पादित हिस्से पर वित्तीय वर्ष के अतं में शून्य लाख रु.(विगत वर्ष 90.66 लाख रु.) की अनुमान्य हानि हेतु जिम्मेदार है। कंपनी ने किसी व्युत्पन्न ठेके में प्रवेश नहीं किया है।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने के लिए कोई ऐसी अपेक्षित राशि नहीं है।

कृते एआरएसके एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजी. सं. : 315082 ई

एस.के. माहेश्वरी
भागीदार
सदस्य सं. 054049

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 09.09.2020

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक - "क"

अनुलग्नक - "क" 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणों पर **दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के सदस्यों के दिए हमारे स्वतंत्र लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन के संदर्भ में है।

इस तरह की जॉच जिसे हम उचित मानते हैं के आधार पर एवं हमारी लेखा परीक्षा के दौरान हमें दी गई सूचनाएँ एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार हम प्रतिवेदन देते हैं कि---

1. (क) कंपनी स्थायी परिसंपत्तियों का परिमाणात्मक विवरण और स्थिति सहित पूर्ण ब्यौरा प्रदर्शित करते हुए यथोचित अभिलेख रखी है।

   (ख) वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा स्थायी परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन उचित अंतराल से किया गया है एवं कहा जा सकता है कि इस जाँच में कोई विसंगति नहीं देखी गई है।

   (ग) भवन में कोलकाता पत्तन न्यास से लाइसेंस करारनामे के तहत सर्कुलर गार्डेन रीच रोड, कोलकाता में जमीन पर स्थायी संरचना 131.46 लाख रु. विगत वर्ष (131.46 लाख रु. राशि) शामिल है। कंपनी नियमित रूप से पट्टे का किराया दे रही है परंतु हमें बैनामा / करारनामे की प्रतियॉ नहीं प्रस्तुत की गयी है।

2. हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार प्रबंधन ने उचित अंतराल पर मालसूची का भौतिक सत्यापन कराया है और सत्यापन से कोई भौतिक फर्क नहीं पाया गया है।

3. हमें दी गई सूचनाएँ एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अपनी सहायक कंपनी एवं वर्तमान में समापन के अधीन द्वि-स्तरीय सहायक कंपनी को अप्रतिभूत ऋण मंजूर नहीं की है। इसलिए हम, उक्त आदेश की धारा-3(iii)[(क), (ख) और (ग)] के प्रावधानों पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

4. कंपनी ने सहायक कंपनी को दिए अग्रिम ऋणों एवं सहायक कंपनी एवं संयुक्त उपक्रम कंपनियों में किए निवेश के बारे में अधिनियम की धारा 185 एवं 186 के प्रावधानों का अनुपालन की है। कंपनी ने अधिनियम की धारा 185 और 186 के अधीन आने वाली किसी पार्टी को कोई गारंटी या जमापत्र नहीं दी है।

5. कंपनी ने धारा 73 से 76 या अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए नियमों के अधीन किसी अन्य अनुरूप प्रावधानों के अर्थ से कोई सार्वजनिक जमा स्वीकृत नहीं की है।

6. केन्द्र सरकार ने अधिनियम की धारा 148(1) के अधीन कंपनी द्वारा दी गई किसी सेवाओं के लिए लागत अभिलेख रखने को नहीं कहा है।

